● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 205, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 07 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अब सब्सिडी की कोई आवश्यकता नहीं : गडकरी 5

शिमरोन हेटमायर का टूटा कहर 6



## 5 लाख रोजगार, हर साल 2 फ्री सिलेंडर देने का वादा

### जम्मू-कश्मीर चुनाव, बीजेपी का घोषणा पत्र जारी, शाह बोले- 370 की वापसी कभी नहीं होगी

**श्रीनगर।** भाजपा ने शुक्रवार, 6 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता दिया जाएगा। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा।

उन्होंने कहा, 5 लाख रोजगार दिए जाएंगे। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमिहीन लोगों को 5 मरला (एक बीघा) जमीन मुफ्त दी जाएगी।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1



अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

गृह मंत्री ने कहा- 370 हटने नहीं देंगे शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर भारत का है, था और रहेगा। 10 साल में राज्य का विकास हुआ है और रहा है। आज धारा 370 और 35 बीते दौरे की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे।

उज्जवला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर। मां सम्मान योजना के जरिए हर एक परिवार की सबसे सीनियर महिला को 18 हजार रुपए सालाना की आर्थिक सहायता। महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप का लोन माफ की घोषणा। पंडित प्रेम नाथ डोगरा रोजगार योजना के जरिए 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करना। प्रगति शिक्षा योजना के तहत कॉलेज स्टूडेंट्स को हर साल 3 हजार रुपए यातायात भत्ता। जेकेपीएससी और यूपीएससी की तैयारी के लिए 2 साल तक 10 हजार रुपए कोचिंग फीस की आर्थिक सहायता। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। श्रीनगर की डल झील को वर्ल्ड क्लास टूरिस्ट बनाया जाएगा। श्रीनगर के टैटू ग्राउंड में एम्यूजमेंट पार्क बनाया जाएगा। डोडा, किश्तवाड़, रामबन, राजौरी, पुंछ, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी एरिया टूरिस्ट इंडस्ट्री के तौर पर अपडेट होंगे। कश्मीर घाटी में गुलमर्ग और पहलगाम को मॉडर्न टूरिस्ट सिटी बनाया जाएगा। श्रीनगर में तवी रिवरफ्रंट बनाया जाएगा। रणजीत सागर बांध बसोहली के लिए अलग झील विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा। जम्मू में स्पेशल इकोनॉमिक जोन के तौर पर आईटी हब बनाया जाएगा। पानी और सोलर के लिए बिजली-पानी के बकाया बिलों की समस्या के लिए योजना लाई जाएगी। हर घर नल से जल (जल जीवन मिशन) के तहत जम्मू-कश्मीर के सभी घरों में पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए परिवारों को मुफ्त बिजली, सोलर उपकरण लगाने के लिए 10 हजार की सब्सिडी की घोषणा।

## जीएसटी कर अपवंचन प्रकरणों पर प्रभावी कार्यवाही हो : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अचल सम्पत्तियों के पंजीयन की दर का मूल्यांकन तिमाही आधार पर किया जाए, जिन क्षेत्रों में विकास तथा अन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी हुई है, उन क्षेत्रों की दर को उस अनुपात में बढ़ाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जीएसटी कर अपवंचन प्रकरणों के चिन्हांकन और प्रभावी कार्रवाई पर वाणिज्यिक कर विभाग विशेष रूप से ध्यान दें, इसके लिए डाटा एनालिसिस सहित आईटी प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए फील्ड अधिकारियों की तकनीकी क्षमता को संवर्धित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि सभी कार्यवाहियां पारदर्शितापूर्ण तरीके से सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि एंटी इवेजन ब्यूरो में उन्हीं की पदस्थापना हो, जिन्होंने



ऑडिट और सर्कलों में अच्छा काम किया हो। साथ ही संबंधित अधिकारियों की रोटेशन से पदस्थापना हो। नियमानुसार कर जमा करने वाले व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित व पुरस्कृत किया जाए। राज्य शासन की जिन भी योजनाओं में पुनर्विचार की आवश्यकता हो, उनकी सम-सामयिक परिस्थितियों के अनुसार समीक्षा की जाए। विकास कार्यों को प्रभावित किए बिना राज्य सरकार के आय के स्त्रोत बढ़ाने और व्यय पर नियंत्रण के हर संभव प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में वाणिज्यिक कर विभाग की समीक्षा बैठक उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अवैध मदिरा और आबकारी अपराधों पर नियंत्रण के लिए हर संभव कार्रवाई की जाए।

## कांग्रेस में शामिल हुईं विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया

**चंडीगढ़।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट कांग्रेस में शामिल हो गई हैं। उनके साथी पहलवान बजरंग पूनिया ने भी पार्टी का दामन थाम लिया। कुछ ही देर में आधिकारिक एलान कर दिया जाएगा। दोनों कांग्रेस मुख्यालय पहुंच चुके हैं। इससे पहले विनेश ने रेलवे से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में कहा कि वे रेलवे की सदा आभारी रहूंगी। विनेश और बजरंग से मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा-चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा! दुनिया में भारत



का नाम रौशन करने वाले हमारे प्रतिभाशाली चैंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से 10 राजाजी मार्ग पर मुलाकात। हमें आप दोनों पर गर्व है। विनेश ने अपने इस्तीफे में कहा कि भारतीय रेलवे की सेवा मेरे जीवन का एक यादगार और गौरवपूर्ण समय रहा है। जीवन के इस मोड़ पर मैंने स्वयं को रेलवे सेवा से पृथक करने का निर्णय लेते हुए अपना त्यागपत्र भारतीय रेलवे के सक्षम अधिकारियों को सौप दिया है। राष्ट्र की सेवा में रेलवे द्वारा मुझे दिये गये इस अवसर के लिए मैं भारतीय रेलवे परिवार की सदैव आभारी रहूँगी।

बजरंग पुनिया और विनेश फोगट के कांग्रेस में जाने पर पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पार्टी में शामिल होना उनका निजी फैसला है। मेरा मानना है कि हमें त्याग करना चाहिए। हमारे आंदोलन, महिलाओं की लड़ाई को गलत छवि नहीं दी जानी चाहिए...मेरी तरफ से आंदोलन जारी है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, पूर्व प्रिंसिपल के 6 ठिकानों पर रेड

### ईडी ने संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को हिरासत में लिया

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिसिंपल संदीप घोष के 6 ठिकानों पर शुक्रवार को ईडी ने छापा मारा। अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर यह कार्रवाई की। इससे पहले सीबीआई इसी मामले में भ्रष्टाचार के आरोप पर घोष को गिरफ्तार कर चुकी है।

ईडी ने सुबह घोष के बेलियाघाटा स्थित घर और उनके करीबियों के हावड़ा और सुभाषग्राम स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की। 7 घंटे की कार्रवाई के बाद ईडी ने संदीप घोष के करीबी प्रसून चटर्जी को सुभाषग्राम के डे पारा इलाके में उनके आवास से हिरासत में लिया।चटर्जी को आरजी कर के सेमिनार हॉल से वायरल हुए वीडियो में भी देखा गया था।

घोष को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका मिला। घोष ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी का मामला सीबीआई को सौंपने के कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को सीबीआई को आरजी कर रेप-हत्या केस और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच सौंपी थी। सीबीआई ने घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग घोष को सस्पेंड कर चुका है। 28 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी संदीप घोष की सदस्यता रद्द कर दी थी।

## कर्नाटक की पूर्व बीजेपी सरकार पर कोविड-फंड घोटाले का आरोप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार पर कोविड फंड में करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। कांग्रेस का दावा है कि कोविड के दौरान राज्य को कुल 13 हजार करोड़ रुपए का फंड मिला था। इसमें लगभग 1000 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। तब बीएस येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी। कांग्रेस ने कोविड-19 मैनेजमेंट पर जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा कमीशन की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के हवाले से घोटाले का दावा किया है।

## बस और मैक्स में भिडंत, 11 लोगों की मौत, और 16 घायल, बचाव कार्य जारी



**हाथरस।** हाथरस में कोतवाली चंदपा क्षेत्र के कपूरा चौराहे के निकट रोडवेज की जनरथ बस ने मैक्स में टक्कर मार दी। प्राप्त सूचना के अनुसार, हादसे में मैक्स और बस में सवार 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि, महिलाओं और बच्चों सहित 16 से अधिक घायल हो गए। जिला अस्पताल में घायलों का उपचार चल रहा है। हादसे में घायल आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र के सेंगरा निवासी शबाना ने बताया कि वह सासनी क्षेत्र के मुकंद खेरा गांव में अपनी ननद की ददिया सास की तेरहवीं में शामिल होकर अपने गांव लौट रही थी। शबाना के मुताबिक, मैक्स में करीब 35 लोग सवार थे।

मौके पर डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल पहुंचे हैं। अधिकारियों ने हादसे के बारे में जानकारी ली। साथ ही गंभीर घायलों को उपचार के लिए अलीगढ़ रेफर कर दिया है। पुलिस-प्रशासन राहत बचाव में जुटा है।

## मणिपुर के पूर्व सीएम के घर पर रॉकेट से हमला,1 की मौत, 5 घायल

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के घर पर शुक्रवार को दोपहर 3 बजे कुकी उग्रवादियों ने रॉकेट बम से हमला किया। इस हमले में 1 एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए।

कांग्रेस नेता मैरेम्बम कोइरेंग राज्य के पहले मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे 1963 से 1967, 1967 में 200 दिन और 1968 में 3 बार मणिपुर के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका निधन 27 दिसंबर 1994 को हो चुका है। पुलिस के मुताबिक, कुकी उग्रवादियों ने पहाड़ी से करीब 4 किलोमीटर की दूरी से मोइरांग में रॉकेट बम से हमला किया। हमले के दौरान जिस बुजुर्ग की जान गई, वो धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे।

शुक्रवार सुबह ही बिष्णुपुर जिले में स्थित मोइरांग से 4 किमी दूर ट्रोंगलाओबी इलाके में रॉकेट बम से हमला हुआ था। इसमें 2 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। मोइरांग में पहली बार बंदूक-बम से हमला हुआ है।

से 3 सितंबर के बीच दो ड्रोन हमले हुए, 1 की मौत मणिपुर में पिछले साल मार्च में शुरू हुई हिंसा के बाद पहली बार ड्रोन हमला भी हुआ। 3 सितंबर को इंफाल जिले के सेजम चिरांग गांव में उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किया था, जिसमें एक महिला समेत 3 लोग घायल हुए थे। 1 सितंबर को कोत्रुक गांव में भी ड्रोन से हमला किया गया था, जिसमें 2 लोगों की मौत और 9 घायल हुए थे।

ऐसी आशंका है कि कुकी उग्रवादियों को ड्रोन वॉरफेयर के लिए म्यांमार से टेक्निकल सपोर्ट और ट्रेनिंग मिल रही है। मणिपुर सरकार ने इन ड्रोन अटैक की जांच करने के लिए हाईलेवल कमेटी का गठन किया है। मणिपुर में पहली बार एंटी ड्रोन मशीन गन का इस्तेमाल होगा, केंद्र ने मंजूरी दी केंद्र सरकार ने पहली बार मणिपुर में एंटी ड्रोन मीडियम मशीन गन के इस्तेमाल की मंजूरी दी है। यह फैसला 1-3 सितंबर के बीच राज्य में दो ड्रोन हमलों के बाद लिया गया है। राज्य में मार्च 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा चल रही है। डीजीपी बोले- पहाड़ी इलाकों में केंद्र की तरफ से सुरक्षाबलों की 198 कंपनियां मौजूद मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह ने कहा था कि ड्रोन हमला नई घटना है। हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। हमने दिल्ली में एनएसजी के डायरेक्टर जनरल और उनकी टीम से बात की है।

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, बद्रीनाथ हाईवे बंद, राजस्थान में बारिश का 13 साल का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शुक्रवार (6 सितंबर) को 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर आज सुबह लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ का आधा हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया। दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हैं।

राजस्थान में बारिश के 13 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इस मानसून सीजन, 1 जून से 5 सितंबर तक औसत 607.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि पूरे सीजन में 435.6 मिमी बारिश होती है। इससे कई डैम ओवरफ्लो हो गए हैं। इधर मध्य प्रदेश में 1 जून से 5 सितंबर तक 904.9 मिमी बारिश हुई। यह सालाना मानसून औसत से 10% ज्यादा है। राज्य में सामान्य रूप से 823.9 मिमी बारिश होती है।

आंध्र प्रदेश में पिछले हफ्ते से लगातार भारी बारिश की वजह से कई जिलों में बाढ़ है। विजयवाड़ा में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां सड़कें और घर डूब गए हैं। राज्य में अब तक 17 लोगों की मौत हुई है। 6 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। बाढ़ के कारण 3,973 किमी सड़कें प्रभावित हुई हैं। केंद्र ने एनडीआरएफ की 30 टीमें और हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं। सेना की भी मदद ली जा रही है।

## तमिलनाडु के सरकारी स्कूल में आध्यात्मिक क्लास

**चेन्नई।** तमिलनाडु के दो सरकारी स्कूलों में आध्यात्मिक क्लास को लेकर विवाद हो गया। मामला 5 सितंबर (टीचर्स डे) का है। चेन्नई के दो स्कूलों सैदापेट हाई स्कूल और अशोक नगर गर्ल्स हाई स्कूल में एक स्प्रिचुअल अवेकनिंग क्लास आयोजित की गई। परमपोरुल फाउंडेशन (एनजीओ) से एक स्पीकर स्कूल आए। उन्होंने जाति, वर्ग, पुण्य, पाप, मंदिर पर स्पीच दी। उन्होंने कहा- हमें पिछले कर्मों की सजा इस जन्म में मिलती है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

वीडियो सामने आते ही डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सरकार तक इसकी बात पहुंची।

## मणिपुर में सुरक्षा की गारंटी नहीं, फिर भी हमारे कार्यकर्ता डटे : भागवत



**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार (5 सितंबर) को कहा, मणिपुर में परिस्थितियां कठिन बनी हुई हैं। स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वहां कारोबार या सामाजिक सेवा के लिए गए लोगों के लिए माहौल अधिक चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने कहा- इस सबके बावजूद संघ के कार्यकर्ता दोनों गुटों (कुकी और मैतेई) की मदद और माहौल सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं। कार्यकर्ता न तो वहां से भागे, न ही हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। वे जनजीवन सामान्य करने, गुस्सा कम करने और राष्ट्रीय एकता की भावना बढ़ाने का काम कर रहे हैं। भागवत बोले- मणिपुर में सुरक्षा की गारंटी नहीं मोहन भागवत पुणे में शंकर दिनकर काने की 100वीं जयंती पर एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां उन्होंने करीब 5 घंटे का भाषण दिया। भागवत ने कहा-शंकर दिनकर 1971 तक मणिपुर में बच्चों को शिक्षित करने के अभियान में जुटे थे। संगठन के कार्यकर्ता तमाम चुनौतियों और सुरक्षा की गारंटी न होने के बावजूद संघर्षग्रस्त उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में डटे हैं। भागवत ने कहा- मणिपुर में एनजीओ सब कुछ नहीं संभाल सकते। संघ स्थिति सुधारने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। संघ सभी पक्षों से बातचीत कर रहा है। स्वयंसेवकों ने लोगों का विश्वास हासिल कर लिया है।

### हॉकफोर्स को मिली एक और बड़ी सफलता

## 14 लाख रुपए की ईनामी हार्डकोर महिला नक्सली गिरफ्तार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस नक्सल उन्मूलन को कटिबद्ध है। इसी तारतम्य में हॉकफोर्स ने बालाघाट जिले के परसाटोला चिचरंगपुर के जंगल में गुरूवार को एक हार्डकोर महिला नक्सली साजंती पति गणेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार महिला हार्डकोर नक्सली साजंती केबी डिवीजन के खटिया मोचा एरिया कमेटी की सदस्य है। यह महिला नक्सली 2011 में नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी तथा 2016 से एमएमसी जोन में केबी डिवीजन के अंतर्गत खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। इस महिला माओवादी से पिस्टल मय मैगजीन व अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। महिला नक्सली साजंती पति गणेश उम्र लगभग 32 वर्ष महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले की तहसील एटापल्ली के ग्राम नैनगुडा, चौकी कासनपुर थाना कोटमी की निवासी है।

हॉकफोर्स को दिनांक 05 सितंबर को बालाघाट के थाना बैहर क्षेत्रान्तर्गत परसाटोला चिचरंगपुर जंगल क्षेत्र में केबी डिवीजन के नक्सिलयों के होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर हॉक फोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा इस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी को दो संदिग्ध दिखाई दिए। जिन्हें घेराबंदी कर केबी डिवीजन की एक हार्डकोर महिला माओवादी को पकड़ा गया तथा एक अन्य सदस्य मौके से भाग गया। इस महिला माओवादी से एक पिस्टल मय मैगजीन व अन्य सामान बरामद हुए। सर्चिंग के दौरान जब पुलिस पार्टी उक्त महिला माओवादी को लेकर वापस आ रही थी, उसी दौरान इस क्षेत्र में केबी डिवीजन के अन्य माओवादी सदस्यों ने पुलिस पार्टी पर अपने साथी सदस्य को छुड़ाने के उद्देश्य से लगभग 30-40 फायर किए । आत्मरक्षा करते हुए हॉकफोर्स के जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। भागे हुए नक्सलियों की धरपकड़ हेतु सीआरपीएफ कोबरा और हॉक फोर्स की टीमों के द्वारा इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

गिरफ्तार नक्सली साजंती वर्ष 2011 में नक्सल संगठन में शामिल होकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की कई घटनाओं में शामिल रही है। वर्ष 2016 से एमएमसी जोन में केबी डिवीजन के अंतर्गत खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। मध्यप्रदेश में इसके विरुद्ध 06 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। अन्य राज्यों में दर्ज आपराधिक प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की जा रही है ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश एवं प्रोत्साहन के परिणाम स्वरूप 14 दिसंबर 2023 को 14 लाख का ईनामी हार्ड कोर नक्सली मड़काम हिड्मा उर्फ चैतु (लगभग 32-33 वर्ष) निवासी ग्राम पोमरा, थाना मिरतुर, जिला बीजापुर (छत्तीगढ़) को मार गिराया गया था। अभियान में सम्मिलित 24 पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रदान किया गया। 01 अप्रैल 2024 को नक्सल विरोधी अभियान के तहत दो ईनामी हार्ड कोर नक्सलियों को ढ़ेर करने वाले 25 पुलिसकर्मियों को भी आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रदान गया है। पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और साहसिक कार्यवाहियों को प्रेरित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निरंतर इस तरह का प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा एक अप्रैल की मुठभेड़ में आउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्राप्त पुलिसकर्मियों को रैंक लगाने मुख्यमंत्री स्वयं बालाघाट गए थे। 8 जुलाई 2024 को भी हॉकफोर्स को 14 लाख के इनामी नक्सली सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु को धराशायी करने में सफलता मिली थी।

# अमलोरी से कबाड़ी बिना टैक्स चुकाए 10 करोड़ का स्क्रैप भेज रहा यूपी, जिम्मेदार मौन

## टैक्स चोरी कर करोड़ों रुपए का स्क्रैप पहुंचा यूपी, गाड़ियों को सुनसान जगह में काट कर बनाया जा रहा स्क्रैप

**सिंगरौली।** यूं तो टैक्स चोरी और नकली बिल बनाकर वस्तु एवं सेवा कर में धांधली करना कोई नई बात नहीं है. लेकिन अब यूपी के एक कबाड़ी ने एनसीएल के अमलोरी परियोजना में कार्य कर रही स्किक्ल कम्पनी के स्क्रैप में करोड़ों रुपए टैक्स चोरी करने का मामला सामने आया है। कंपनी का स्क्रैप जय मां ज्वालामुखी आयरन स्क्रैप सप्लायर खड़िया बाजार, योगी चौराहा शक्तिनगर उत्तर प्रदेश ने खरीदा है।



बताया जा रहा है कि जय मां ज्वालामुखी आयरन स्क्रैप सप्लायर ने एनसीएल अमलोरी परियोजना में एक्स्कवेटर, टीपर, पेलोडर, मोटर ग्रैंडर, वाटर टैंकर सहित 95 अन्य गाड़ियों को स्क्रैप के रूप में खरीदा है लेकिन स्क्रैप का टैक्स नहीं जमा कर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगा रहा है। लेकिन जिम्मेदार मौन धारण किए हुए हैं। जय मां ज्वालामुखी आयरन स्क्रैप सप्लायर लम्बें समय से एनसीएल परियोजना से स्क्रैप खरीदकर बिना टैक्स चुकाए यूपी ले जाकर ऊंचे दामों में बेचकर करोड़ों रुपए का आसामी बन गया है। अब यूपी का जय मां ज्वालामुखी आयरन स्क्रैप सप्लायर ने एनसीएल अमलोरी परियोजना में काम कर रही स्किक्ल कम्पनी कि उन गाड़ियों को स्क्रैप से खरीदा है जिनका उड़ीसा से आने के बाद ऑल इंडिया टैक्स कभी जमा ही नहीं किया। सूत्रों की माने तो स्किक्ल कम्पनी ने उड़ीसा से करीब 60 वोल्वो टिपर लेकर आया था जिनका एमपी टैक्स नहीं जमा किया । कंपनी अब इन गाड़ियों को स्क्रैप में बेच दिया है। कबाड़ी अब इन मशीनरी और वाहनों को कटर से काटकर स्क्रैप में तब्दील कर रहा है। सूत्रों की माने तो सभी गाड़ियों को अमलोरी परियोजना के एक सूनसान जगह में कटर मशीन से छोटे छोटे टुकड़ों में काटा जा रहा है ताकि चोरी की गाड़ियों की भी पहचान ना हो सकें। वहीं कबाड़ी ने सभी गाड़ियों को स्क्रैप में खरीदा था लेकिन बिना टैक्स जमा किये सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाकर यूपी ले जा रहा है। बीते कल कबाड़ी ने करीब पांच गाड़ी स्क्रैप उत्तर प्रदेश ले जा चुका है। सूत्रों का दावा है कि इस स्क्रैप में टैक्स चोरी की जानकारी एनसीएल अमलोरी जीएम के साथ-साथ सीआईएसफ को भी है। लेकिन सब की मिली भगत से एमपी का कबाड़ उत्तर प्रदेश पहुंच रहा है।

### इन मशीनरी को स्क्रैप में बेचा

बताया जा रहा है कि स्किक्ल कम्पनी ने एक्स्कवेटर 15 , वोल्वो टिप्पर -62, डोजर -5, मोटर ग्रेडर -2, पेलोडर-3, डीजल टैंकर-1, वॉटर टैंकर-7 मशीनरी को स्क्रैप में बेचा गया है। सूत्रों की माने तो स्किक्ल कम्पनी उड़ीसा से 45 वोल्वो टिप्पर लाया था जिसका आल इंडिया टैक्स नहीं जमा किया था। अब सभी गाड़ियों को यूपी के कबाड़ी को स्क्रैप में बेच दिया हैं। वहीं खड़िया का कबाड़ी गाड़ियों को स्क्रैप के भाव खरीद कर बिना टैक्स जमा किये गाड़ियों को सूनसान जगह में काट कर यूपी ले जाने की तैयारी में है।

### करोड़ों रुपए का हो रहा गबन

सूत्रों की माने तो स्किक्ल कंपनी ने अपनी कंडम और जिन गाड़ियों का बैंक किस्त नहीं जमा किया उन्हें भी कौड़ियों के दाम कबाड़ियों को बेच दिया है। वहीं थोक कारोबारी कानपुर लेजाकर इस माल को मंहगी कीमत पर बाजार में बेचता है। और सरकार को एक रूपए भी टैक्स नहीं देता। जबकि सरकार ने 18 फीसद जीएसटी की देनदारी तय की है। लेकिन कबाड़ के कारोबारी मात्र पांच फीसद जीएसटी का ही भुगतान कर रहे हैं। इस तरह 13 फीसद जीएसटी की कर चोरी में हर माह करोड़ों रुपये का गबन किया जा रहा है।

# महापौर ने मेयर इन काउसिल की बैठक आयोजित कर लिए महत्वपूर्ण निर्णय

## कदम्बरी कम्पलेक्स की दुकानो के नवीनीकरण के संबंध में आगामी बैठक में चर्चा उपरांत लिया जायेगा निर्णय



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मेयर इंन काउसिल के सदस्य खुर्शिद आलम, श्रीमती अंजना शाह, श्रीमती शिवकुमारी कुशवाहा, श्रीमती श्यामला, श्रीमती रीता देवी प्रजापति, श्रीमती बबली शाह, रामगोपाल पाल , श्रीमती रूकमन प्रजापति एवं उपायुक्त आरपी बैस के उपस्थिति में मेयर इंन काउसिल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व प्रथम चर्चा उपरांत मेयर इंन काउसिल की 28 अगस्त को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण का सर्व सम्मति से पुष्टि की गई। तत्पश्चात ट्रान्सपोर्ट नगर नौगढ की दुकानो के आवंटन के संबंध में निगम परिषद की बैठक दिनांक 6 अक्टूबर 2023 के प्रस्ताव क्रमांक 3 में पारित संकल्प के परिपालन में नगर पालिक निगम सिंगरौली ट्रान्सपोर्ट नगर नौगढ वार्ड क्रमांक 45 तहसील वा जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश में स्थित 89 दुकानो के आवंटन हेतु मध्यप्रदेश अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के प्रावधान अनुसार 9 जनवरी 2024 को ई निविदा करने हेतु विज्ञापन वेव साई पोर्टल मे जारी किया गया था। जिसके संबंध में विस्तार से चर्चा कर कर निर्णय लिया गया जिसमे प्रस्ताव अनुसार ट्रान्सपोर्ट नगर नौगढ की उपरोक्त दुकान क्रमांक 2 को मध्यप्रदेश अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के नियम 5(1) के प्रावधान अनुसार दुकान स्वीकृत एवं दुकान क्रमांक 5 में एकल निविदा प्राप्त होने से निविदा निरस्त किये जाने का निर्णय सर्व सम्मति से मेयर इंन काउसिल के द्वारा लिया गया। मेयर इन काउसिल की बैठक में कदम्बरी कम्पलेक्स नवजीव विहार की दुकानो के नवीनीकरण के संबंध सम्पूर्ण जानकारी के साथ प्रकरण आगामी मेयर इंन काउसिल की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। वही नगर पालिक निगम सिंगरौली क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे आने वाले हितग्राहियों के परिजनो के दाह संस्कार के लिए तीन क्वीटल लकड़ी देने हेतु संबंधित वार्ड पार्षद की लिखित सहमति पर देने के लिए प्रस्ताव को आगामी मेयर इन काउसिल की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सहायक यंत्री एस.एन द्विवेदी, उपयंत्री डीके सिंह,राजस्व प्रभारी नवजीवन विहार भूपेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणेश चतुर्थी को लेकर सरई थाने मे हुई शांति समिति की बैठक



**सिंगरौली।** शुक्रवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर सरई थाने में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य गणेश चतुर्थी के जश्न को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए जरूरी उपायों पर चर्चा करना था। बैठक में स्थानीय पुलिस अधिकारियों, समाजसेवियों, और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधिकारियों ने प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, जैसे कि गणेश प्रतिमाओं की सजावट, जुलूसों के मार्ग, और शोर की सीमा। उन्होंने सुझाव दिए कि जुलूसों के समय और मार्ग की पूर्व सूचना देनी होगी ताकि यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को सुसंगठित रखा जा सके। शांति समिति ने शोरगुल की सीमा निर्धारित करने और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया। समिति ने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे त्योहार के दौरान आपसी समझदारी और सहयोग बनाए रखें। इस प्रकार की बैठकें यह सुनिश्चित करने में सहायक होती हैं कि धार्मिक उत्सव शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाएं। बैठक के अंत मं सभी ने मिलकर एक संकल्प लिया कि वे गणेश चतुर्थी को शांति और खुशी के साथ मनाएंगे।

# रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिंग का आयोजन 11 सितम्बर को

**सिंगरौली।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा बर्मा ने बताया कि जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, सिंगरौली द्वारा 11 सितम्बर 2024 को रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिंग का आयोजन रोजगार कार्यालय परिसर में आयाजत किया जा रहा है, मेले में इच्छुक आवेदक महिला एवं पुरूष उपस्थित होकर योग्यता अनुसार कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# हरितालिका तीज पर पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

## सोलह सिंगार कर शिवालयों में पहुंची महिलाओं ने भगवान शिव व माता पार्वती का किया पूजन, हरितालिका तीज की सुनी कथा

**सिंगरौली।** जिले भर में पति की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना लिए सोमवार को सुहागिनों पर निर्जला व्रत रखा। इस दौरान वह सुबह एवं शाम को सोलह सिंगार कर शिवालयों में पहुंची जहाँ उन्होंने भगवान शिव व माता पार्वती का पूजन किया। वहीं युवतियों ने भी व्रत रखा व पूजन-अर्चन करके मनचाहा सुंदर व सुयोग्य वर मांगा। भोर से मौन स्नान के साथ शुरू हुआ यह व्रत 24 घंटे बाद शनिवार को टूटेगा। महिलाएं पारण करके व्रत खोलेंगी। सुहागिनों ने मांग में सिंदूर, हाथों में मेहंदी लगाए



सज-धज कर सुबह से ही शिवालयों में पहुंचने लगी थी। मोरवा बस स्टैंड समीप शिव मंदिर समेत विधायक निवास पर बने शिव मंदिर एवं थाना परिसर व भगत सिंह कॉलोनी स्थित शिव मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। शाम को यहाँ भजन गाया गया। व्रती महिलाओं ने प्रसाद चढ़ाकर पति की लंबी उम्र के लिए पूजन किया। शिवालयों में भगवान शिव, माता पार्वती व गणेश भगवान की विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। माता पार्वती को महिलाओं ने सुहाग का सामान चढ़ाया। पूजन अर्चन के बाद समूह में एकत्र महिलाओं को हरितालिका तीज की कथा सुनाई गई। पौराणिक मान्यता है कि हरितालिका तीज व्रत को सबसे पहले राजा हिमवान की पुत्री माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए रखा था। पार्वती के तप और आराधना से खुश होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया था।

# हिंडालको महान ने शिक्षक दिवस पर 14 शिक्षको ,16 फेकल्टी व सरस्वती शिशु मंदिर के 17 शिक्षकों का किया सम्मान

**सिंगरौली।** कार्यक्रम में एबीपीएस के प्रधानाध्यपिका अल्का सिंह ने स्वागत भाषण दिया,कार्यक्रम में शिक्षकों की महत्ता पर अपने विचार रखते यूनिट हेड एस.सेन्थिलनाथ ने कहा कि एक शिक्षक का हमारे जीवन में महत्व बहुत बड़ा होता है। वह न केवल हमें पुस्तकों से जुड़ा ज्ञान देते हैं, बल्कि वे हमें नैतिकता, अनुशासन, और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, जिनकी जयंती के उपलक्ष्य में हम यह दिवस मना रहे हैं,कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख



डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है शिक्षक केवल एक विषय को पढ़ाने वाले नहीं होते, वे हमारे व्यक्तित्व को गढ़ने वाले शिल्पकार होते हैं। वे हमें सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। कार्यक्रम में एबीपीएस स्कूल के बच्चो ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। हिंडालको महान ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर आरएंडआर कॉलोनी मझिगांव में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल 17 शिक्षको व 9 अन्य स्टाफ का सम्मान किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हिंडालको महान के सुरक्षा प्रमुख,रिटायर्ड कर्नल गौरव चतुर्वेदी ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक की सिखाई गई बातें और दी गई सीख भले ही आज कड़वी लगे, लेकिन वही भविष्य में सफलता की मिठास में बदलती हैं। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षक समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके इसी योगदान को सम्मान देने के लिए शिक्षक दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सीएसआर प्रमुख, संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक का हमारे जीवन में महत्व सिर्फ शैक्षणिक ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे हमारे जीवन में अनुशासन, नैतिकता और आत्मविश्वास का निर्माण भी करते हैं।

# इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल बैढ़न व गनियारी में मनाया गया शिक्षक दिवस

**सिंगरौली।** इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल बैढ़न व गनियारी में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का शिक्षक दिवस के रूप में जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भाग 2 में कक्षा एलकेजी से आठवीं कक्षा के छात्रों के द्वारा सामूहिक रूप से केक काटकर जन्म उत्सव मनाया गया। जिस पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया वहीं भाग एक में सीनियर छात्रों के द्वारा (कक्षा नवमी से 12वीं) विद्यालय में खेल, गेम, संस्कृति कार्यक्रम, भाषण, प्रतियोगिता आदि का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें भूपेश महिमा सुषमा काजल सत्य जितेंद्र एवं उनके साथियों के द्वारा सर्वप्रथम शिक्षकों को पुष्प वर्षा करते हुए तिलक लगाकर गेट के अंदर प्रवेश कराया गया। इसके बाद शिक्षकों को उनके स्थान पर बैठा कर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके बाद शिक्षकों के द्वारा एवं बच्चों के द्वारा बनाई गई झांकी मां सरस्वती जी का भी डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की प्रतिमा पर पुष्प व माला चढ़कर पूजा प्रार्थना की गई। इसके बाद बच्चों के द्वारा जो कार्यक्रम रखा गया था खेल वगैर का वह कार्यक्रम कराया गया शिक्षकों के द्वारा शिक्षक दिवस पर भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया।

## बीआरसीसी चितरंगी संदेह के दायरे मे, चितरंगी पहुचे डीपीसी

# कलेक्टर ने 24 घंटे के अन्दर मांगा था जांच रिपोर्ट, हो सकती है एफआईआर

**सिंगरौली।** कक्षा 1 से 8वीं तक के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को मिलने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तके कबाड़ के भाव बेची जा रही है। मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने डीईओ एवं डीपीसी तथा सहायक संचालक शिक्षा के तीन सदस्यीय टीम गठित कर 24 घंटे के अन्दर रिपोर्ट मांगा है। जहा आज शुक्रवार को डीपीसी चितरंगी पहुचे। सूत्र बताते है की प्राथमिक जांच मे जिम्मेदार दोषी पाये जा सकते है।

बता दे कि जिला मुख्यालय बैढ़न के समीपी कचनी में पिछले दिनों कोतवाली पुलिस ने पिकअप एवं कन्टेनर वाहन को जप्त किया था। कोतवाली पुलिस के अनुसार पिकअप वाहन से कन्टेनर में म.प्र. पाठ्य पुस्तक निगम की भारीभरम किताबें लोड



की जा रही थी। उक्त किताबों को उ.प्र. के ऊन्नाव जिले के एक कबाड़ी के यहां बेच दिया गया था। जहां उक्त कि ताबों को यहां से ले जाने की कन्टेनर वाहन से तरकीब निकाला गया था। किन्तु पुलिस ने सरकारी स्कूल के पुस्तकों को कबाड़ियों के हाथों बेचने के कारोबार का भंडाफोड़ कर इस कारोबार में जुड़े बीआरसीसी एवं कई शिक्षकों के धड़कने बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि प्रथम दृष्टया में म.प्र. पाठ्य पुस्तक की किताबें जांच में मिली हैं। दोनों वाहन के चालकों ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि चितरंगी ब्लॉक के पिपरवान विद्यालय से किताब लोड की गई है और यूपी के ऊन्नाव जिले में कबाड़ी के यहां पहुंचा था। इधर नवभारत ने इस खबर को प्रमुखता के साथ 5 सितम्बर को प्रकाशित कर कलेक्टर का ध्यान आकृ ष्ट कराया है। जहां कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर 24 घंटे के अन्दर जांच प्रतिवेदन मांगा है। फिलहाल सरकारी पुस्तकों को कबाड़ियों के हाथ बिक्री करने का मामला तूल पकड़ लिया है। माना जा रहा है कि इसमें जो भी दोषी मिलेंगे उनके विरूद्ध प्रशासन सख्ती के साथ एफआईआर कर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी करेगा।

# सिंगरौली योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने आयोजित किया जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता

**सिंगरौली।** डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला सिंगरौली के तत्वाधान में पंचम जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का सफल आयोजन मल्हार पार्क बैढ़न के योग भवन में नागेंद्र बहादुर सिंह रिटायर्ड जीएम एक्सबेशन एनसीएल सिंगरौली नगर संघ चालक सिंगरौली के प्रमुख आतिथ्य,डॉ आरडी पाण्डेय जिलाध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एशोसिएशन सिंगरौली के अध्यक्षता व डॉ सुशील सिंह चंदेल जिला सचिव विद्याभारती,राजकुमार विश्वकरमा जन अभियान परिषद जिला समन्वयक के विशिष्ट आतिथ्य में दीप प्रज्वलन उपरांत शुभारंभ हुआ। जिसमें जिले भर से 10 वर्ष से 55 वर्ष के18 योगासन स्पोर्ट्स के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें से जजेज के पैनल में श्रीमती स्वप्निल श्रीवास्तव,श्रीमती पुष्प लता सिंह,श्रीमती आकांक्षा पाठक द्वारा सभी योगासन स्पोर्ट्स के प्रतिभागियों का कौशल देखने उपरांत सब जूनियर गर्ल्स प्रथम अंशु सेन,द्वितीय आकृति सिंह,तृतीय आरती साकेत सब जूनियर बॉयज मां प्रथम पंकज केवट,द्वितीय अभय केवट जूनियर वायस में प्रथम शुभम दुबे,द्वितीय निकेश कुमार साकेत,जूनियर गर्ल में प्रथम आरती सिंह,सीनियर बॉयज में प्रथम अजय कुमार सिंह,द्वितीय अखिलेश प्रजापति,सीनियर महिला में उर्मिला पटेल प्रदेश स्तर पर खेलने हेतु चयनित किए गए।

# निगाही सीएचपी के पास कोयला लोड ट्रेलर पलटा, चालक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**सिंगरौली।** नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निगाही सीएचपी के पास शुक्रवार की सुबह अनियंत्रित होकर कोयले से भरा ट्रेलर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों सहित परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। वहीं पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए कुछ सहायता राशि के साथ मृतक के पत्नी को कंपनी में नौकरी की मांग कर रहें हैं।

मिली जानकारी के अनुसार एनसीएल निगाही से बरगवां हिंडाल्को एल्युमिनियम कंपनी में कोयला परिवहन कर रहा कोयले से भरा ट्रेलर निगाही सीएचपी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे घटनास्थल पर ही चालक लाल प्रताप चालक की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि कोयले से लोड एक ट्रेलर वाहन



माइंस में परिवहन के दौरान पहाड़ के नीचे पलट गया आसपास के मौजूद कर्मचारियों व प्रबंधन के जिम्मेदार व्यक्तियों ने चालक को आनन फानन में अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद गुस्साए परिजनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया और परिजनों ने सीएचपी के समीप मुख्य सड़क को जाम कर दिया घटना की जानकारी आज सुबह परिजनों को दी गई जहां स्थानीय नेता सहित मृतक मृतक के परिजन पहुंचे और कोयला डिस्पैच रोक दिया।

### 50 लाख रुपए और पत्नी को नौकरी की कर रहे मांग

स्थानीय लोगों सहित नेताओं ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए कुछ सहायता राशि के साथ मृतक के पत्नी को कंपनी में नौकरी की मांग कर रहें हैं। घटना कीजानकारी लगते ही मौके पर एनसीएल सिक्योरिटी गार्ड एवं स्थानीय पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### दो मासूम बच्चों हो गए अनाथ

जिले में आएं दिन सड़क हादसे होने के साथ एनसीएल की खदानों में हादसे होना अब आम बात हो चुकी है। पिता की मौत से दो बच्चें अनाथ हो गए। मृतक गाड़ी चला कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। लिहाजा अब परिवार के भरण पोषण में भी कठिनाई होगी। मृतक की पत्नी और दोनों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है. पति की मौत के बाद पत्नी को गहरा सदमा लगा हैं।

# 25 वी राज्यस्तरीय वूशु प्रतियोगिता हेतु सीधी के खिलाड़ी रवाना



**सीधी।** पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस सामुदायिक भवन में (वूशु ट्रैनिंग सेंटर पुलिस लाइन सीधी) में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीधी जिले के वूशु मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी 25 वी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप जोकि सिवनी जिले में दिनांक 7 से 8 सितंबर 2024 को आयोजित हो रही, सीधी से 15 खिलाडियों का दल रवाना हुई। यह मध्य प्रदेश की राज्य स्तर की प्रतियोगिता है, जिसमें सभी जिलों के सब जुनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। भाग लेने वाले वूशु खिलाड़ी वैष्णवी त्रिपाठी 45 केजी, अनिशा यादव 56 केजी, अवनी मिश्र 20 केजी, आलसीला केवट 42 केजी, ईक्षा तिवारी 65 केजी, आयुष कुमार वर्मा 56 केजी, आशुतोष केवट 24 केजी, सुरियांस सिंह चौहान 32 केजी, अनुज तिवारी 38 केजी, पियूष प्रताप सिंह 48 केजी, पवन यादव 80 केजी, बाल कुमार लीनिया 60 केजी, जगमोहन कुशवाहा 52 केजी, अंकित सेन 48 केजी, काजू सोधिया ताऊलू में टीम मैनेजर गुंजन मिश्रा है। ये सभी खिलाडी वूशु ट्रैनिंग सेंटर पुलिस लाइन सीधी में मानिंद शेर अली खान वूशु कोच के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन तीन आयु समूहों में किया जाएगा। जिनसे सिनियर 18 वर्ष और उससे अधिक, सब जूनियर 12 से 14 वर्ष, सबजूनियर 12 वर्ष से कम। प्रतियोगिता प्रारूपरूप प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ, भारतीय वुशु संघ एवं मध्य प्रदेश वुशु संघ के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के बाद, प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ियों को सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चुना जाएगा। इस स्पर्धा में चयनित सीनियर खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा देहरादून में दिनांक 22 सितंबर से भाग लेंगे। मध्य प्रदेश से सभी वर्गों के कुल 52 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु किया जाएगा। सब जूनियर राष्ट्रीय स्पर्धा का आयोजन दिसंबर में ओडिसा में प्रस्तावित है। स्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय पदक प्राप्त खिलाड़ी, राष्ट्रीय पदक विजेता व अन्य सभी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ज्ञात हो की आगामी राष्ट्रीय खेलों देहरादून हेतु खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र कुमार वर्मा एवं जिला खेल अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव के द्वारा इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए मेडल लाने हेतु शुभकामनाएं दी गई। खेल खेलो स्वस्थ रहो व राष्ट्रभिमान बढ़ाओ। सभी युवा व युवतियों को खेल की तरफ अपना समय देना चाहिए पढ़ाई से साथ साथ क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है और स्वस्थ मन में स्वस्थ विचार आता है।

## जिला आपूर्ति अधिकारी ने वेयरहाउस की भण्डारण गुणवत्ता की जांच की

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी नागेन्द्र सिंह के साथ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संदीप तिवारी, आर.एम. शुक्ला एवं अभिषेक सनोडिया के साथ में दिनांक 04.09.2024 एवं 05.09.2024 को वेयरहाउस की भण्डारण गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर जाँच की गई। जाँच प्रदाय केन्द्र मधुरी 1, जेव्हीएस गोदाम कोठार, केबीएस गोदाम पटपरा की जाँच के दौरान चावल में जीवित कीड़े लगे पाये गये। वेयरहाउस से संचालकों द्वारा उक्त गोदामों में कीटनाशक दवाईयों का उपयोग नहीं किया गया है इस वजह से कीड़ा युक्त चावल पाया गया जिसका सेम्पल भी लिया गया। तीनों वेयरहाउस संचालकों के विरूद्ध प्रकरण तैयार किया गया। प्रकरण कलेक्टर सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा, साथ ही कीड़े युक्त चावल का प्रदाय करने में रोक लगा दी गई है। इन गोदाम संचालकों को आगामी उपार्जन केन्द्र व भण्डारण से वंचित करते हुए ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की पहल पर नव अंकुर संस्थाओं द्वारा मनाया गया शिक्षक दिवस



**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान जिला सीधी के तत्वाधान में शिक्षक दिवस 5 सितंबर के उपलक्ष्य में सीधी जिले के अंतर्गत पांचों विकासखंड की 25 नव अंकुर संस्थाओं के द्वारा शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम अलग-अलग विद्यालय परिवार में जाकर मनाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला एवं विकासखंड की सहभागिता की गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वर्तमान में कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान और गौरव बढ़ाते हुए विद्यार्थियों के बीच में शिक्षकों के प्रति सम्मान हेतु वातावरण बनाने का कार्य करते हुए भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन पर चरित्र चित्रण एवं उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक और राष्ट्रीय चिंतन पर व्याख्यान के कार्यक्रम के माध्यम से आने वाली युवा पीढ़ी जिनके कंधों पर देश का भार एवं जिम्मेदारियां आने वाली है, उन्हें अवगत कराने का कार्य हुआ। मुख्य रूप से बड़े स्तर पर मझौली विकासखंड के सेक्टर ताला में सत्य सरोवर समाज सेक्टर चमराडोल में नम्रता सेवा संस्थान बिजवाड़ सेक्टर में प्रतिभा शिक्षा समिति खड्डौरा सेक्टर में यथार्थ लाल सेवा समिति, इसी प्रकार के कुसमी विकासखंड से टाइगर ग्राम विकास समिति शिवाजी सेवा समिति विंद कौटिल्य शिक्षा समिति सिहावल विकासखंड से गीतांजलि सेवा समिति रामपुर नैकिन विकासखंड से सेक्टर हनुमानगढ़ के अंतर्गत दीनदयाल सेवा समिति एवं भीतरी सेक्टर के अंतर्गत अटल सेवा समिति ने उत्साह पूर्वक शिक्षकों का सम्मान कर सकारात्मक संदेश देते हुए शिक्षक दिवस मनाया।

## मृत बाघ के पोस्टमार्टम उपरांत मृत्यु के कारणों का निर्धारण किया जा सकेगा : क्षेत्र संचालक

**सीधी।** क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 05.09.2024 को सायंकाल में संजय टाईगर रिजर्व सीधी के ब्यौहारी बफर परिक्षेत्र के बीट बड़काडोल में गस्ती दल को पुराने उपयोग विहीन कुंआ में नर बाघ मृत देखा गया, नर बाघ की उम्र लगभग 07 वर्ष पाई गई। मृत बाघ को कुंआ से निकालकर वन कर्मियों द्वारा सुरक्षित अपने कब्जे में लिया गया, मृत बाघ का संपूर्ण शरीर विद्यमान है। क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व द्वारा बाघ के शव विच्छेदन (पोस्टमार्टम) के लिए 05 सदस्यीय दल का गठन किया गया, जिसमें 02 वन्यप्राणी चिकित्सक के साथ राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि शामिल है। मृत बाघ के पोस्टमार्टम उपरांत मृत्यु के कारणों का निर्धारण किया जा सकेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा प्रसारित मानक प्रक्रिया अनुरूप संपादित की जा रही है।

## बॉक्सिंग और एथलेटिक्स संघ के द्वारा मनाया शिक्षक दिवस



**सीधी।** सीधी जिला बॉक्सिंग संघ और जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा मानस भवन के प्रांगण में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे वा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा मंचासीन पर उपस्थित रहे कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि के द्वारा डा राधा कृष्णन जी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर और पुष्प पहनाया गया और इसके बाद आए हुए अतिथि गुरु जनो का माला और गिफ्ट भेट कर समानित किया गया उसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया और सभी बच्चो को केक और मीठा खिलाया गया ,और अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा सभी बच्चो को आशीवाद वचन के रूप शिक्षक के बारे में बताया गया। मनाया गया शिक्षक दिवस । कार्यक्रम की अगली कड़ी में सीधी जिले के सभी बॉक्सिंग संघ की और से समस्त शिक्षक को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई ।

## प्रकृति से जुड़कर उपलब्ध अनाज, सब्जियों का उपयोग करने से सही मात्रा में पोषक तत्व मिल सकता है: डीपीओ



**सीधी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी ने जानकारी देकर बताया है कि पोषण माह के दौरान शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरक पोषण आहार थीम पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में अभियान अंतर्गत पोषण रैली, सुपोषण दिवस, पोषण मटका, अन्य मोटे अनाज से बने व्यंजनों एवं हरी सब्जियों का प्रदर्शन कर उपस्थित जन समुदाय को उनका महत्व बताया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिले के सभी महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को अपने भोजन में देशी अनाज एवं मौसमी फल-फूल तथा सब्जियों के उपयोग पर जोर देते हुये मोटे अनाजो में छुपे पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया है। वर्तमान समय में गर्भावस्था से ही महिला एवं अन्य परिवार बाजार में मिलने वाले मैगी, चाउमिन, नूडल्स आदि खाद्य पदार्थो का शौकिया रूप से भरपूर उपयोग किया जाता है जिससे शिशु के पैदा होने के पूर्व से ही उसका स्वास्थ्य एवं सोच विचार की शक्ति निचले स्तर पर जाने लगती है किन्तु मोटे अनाजों से घर में तैयार किया हुआ भोजन स्वास्थ्य एवं उत्तम संस्कार कोटि के स्तर पर ले जाने में सक्षम है। अत: प्रकृति से जुड़कर उपलब्ध अनाज, सब्जियों का उपयोग करने से सही मात्रा में पोषक तत्व मिल सकता है।

## बेरोजगार युवाओं को रोजगार हेतु टोल फ्री नं. जारी

**सीधी।** ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार हेतु आरसेटी कॉल सेन्टर का टोल फ्री नम्बर - 1800-309-8039 जारी किया है, जो कि पूर्णत: नि:शुल्क है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसरों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा जिले के जिला अग्रणी बैंक के माध्यम से स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) संचालित किया जाता है, जिसका वित्त पोषण पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से किया जाता है। सीधी जिले में यह कार्य यूनियन बैंक के माध्यम से संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है, जिसके एक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक स्तर के अधिकारी निदेशक के रूप में कार्य करते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 हेतु आर-सेटी सीधी में 1000 ग्रामीण गरीब स्व सहायता समूहों के सदस्यों एवं उनके परिवारजन हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण जैसे कि - बैंक मित्र, घरेलु विद्युत उपकरण, सेवा उद्यमी, महिला टेलर, कृषि उद्यमी, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, कम्प्युटराईज एकाउंटिंग, कस्ट्यूम ज्वेलर उद्यमी, जूट प्रोडक्ट उद्यमी, बम्बू केन क्राफ्ट मेकिंग, ब्यूटीपार्लर मैनेजमेन्ट, ईडीपी फार माईक्रो इन्टरप्राईजेज, शॉपकीपर, पेपर कवर एनवलप एण्ड फाईल मेकिंग, प्लम्बिंग एवं सेनेटरी वर्क, पापड़-आचार व मसाला मेकिंग, डेयरी फार्मिंग विषय पर आयोजित किए जाने हैं।

# पेंशन शिविर का आयोजन 17 से

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि दिनांक 31.08.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण हेतु पेंशन शाखा लिपिक के साथ जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि पेंशन शिविर में पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं कराये जाने की स्थिति में जिला पेंशन अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार माह सितम्बर 2024 का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। पेंशन शिविर का आयोजन 17.09.2024 से 20.09.2024 तक जिला पेंशन कार्यालय सीधी में आयोजित किया गया है। त्रिवेणी दास कोल सहायक पेंशन अधिकारी पेंशन शाखा प्रभारी होंगे तथा जिन कार्यालय प्रमुखों द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा किया गया है उन्हें भी निर्देशित किया गया है कि पेंशन शिविर में उपस्थित होकर पेंशन प्रकरण निराकरण करायें।

ज्ञात हो कि म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छ: माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। पूर्व में जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के संबंध में पेंशन शिविर एवं प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है। किंतु अभी भी जिले में दिनांक 31.08.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बिना कारण पेंशन प्रकरण लंबित हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने कार्यालय प्रमुखों को शिविर में उपस्थित होकर 31 अगस्त 2024 तक सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण के निर्देश दिए हैं।

## छात्राओं ने गाजरघास उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लिया

**सीधी।** कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में ग्राम पड़रा में रावे छात्राओं के द्वारा गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम किया गया। 16 से 22 अगस्त 2024 तक ग्राम पड़रा में जाकर किसानों को गाजरघास के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। रावे छात्राओं द्वारा गॉव के प्रमुख चौराहे एवं विभिन्न मार्गों से होते हुये गॉव के सभी हिस्सो में रैली निकाली गई। गॉव में सफाई अभियान चलाकर गाजरघास के पौधों को हटाने का कार्य किया गया। इस रैली में स्थानीय समुदाय को शामिल किया गया ताकि वे समझ सके कि गाजरघास का उन्मूलन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामूहिक प्रयास है। सरपंच ने इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि यह अभियान हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है। रावे छात्राओं ने इस कार्यक्रम की सहायता से पूरे गॉव को गाजरघास के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। जैसे कि गाजरघास से मनुष्यों में त्वचा संबंधी रोग एग्जिमा, एलर्जी, दमा जैसी गंभीर बीमारियाँ उत्पन्न होती है। गाजरघास न सिर्फ मनुष्यों बल्कि पशुओं के लिये भी उतना ही हानिकारक है एवं मृदा की गुणवत्ता को कम करता है एवं फसलों के उत्पादन के लिये पोषण तत्वों और पानी की उपलब्धता को कम करता है।

## श्री मुकुंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बहरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती




**सीधी।** गुरुवार को संस्थान में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती जिसको शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संचालक माननीय अखिलेश द्विवेदी के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय वा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश,एक शिक्षक का जीवन में क्या महत्त्व है, एक शिक्षक का छात्र/छात्राओं के बेहतर भविष्य के निर्माण में क्या योगदान रहता है आदि विषयो पर छात्र/छात्राओं के द्वारा उदबोधन दिया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन आदर्शो के बारे में तथा शिक्षक का होना जीवन में क्यों महत्वपूर्ण है के बारे में उदबोधन दिया गया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के अवनीश द्विवेदी (प्राचार्य), प्रदीप द्विवेदी (समिति पदाधिकारी), अतुल पाण्डेय (प्रबंधक), रवि जायसवाल, विकाश सिंह, प्रेमसागर शुक्ला, रावेंद्र मिश्रा, शीतला प्रसाद द्विवेदी, सनत गौतम, अर्जुन उपाध्याय, शुभलायक विश्वकर्मा, भोला प्रसाद द्विवेदी, भैयालाल पाण्डेय, रामसागर विश्वकर्मा, सूर्यभान प्रजापति, श्रीमती सुभद्रा मिश्रा, सुश्री अंजली द्विवेदी, सुश्री निधि द्विवेदी, सुश्री सुष्मिता द्विवेदी, सुश्री ज्योत्सना सिंह, गुलाब प्रसाद द्विवेदी, अनिल द्विवेदी आदि शिक्षक-शिक्षिका, छात्र,छात्राएं, तथा अंचल के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 को

**सीधी।** जिले में 10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 1 साल से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को एलबेण्डाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस अवसर पर जिले में कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी, डीआईओ डॉ नागेन्द्र बिहारी दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेमलाल मिश्रा, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला, अवधेश सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, डीईआईसी मैनेजर, डीसीएम, समस्त बीपीएम, बीसीएम उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ तिवारी ने बताया कि 10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस व 13 सितंबर को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन के लिए, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग के समन्वय से संचालन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय, शास. अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, प्राइवेट अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्र शासित शालाओं, मदरसों, स्थानीय निकाय शालाओं व आंगनवाड़ी केन्द्रों में 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक गोली एलबेण्डाजोल खिलाई जाएगी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला–सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी. क्रमांक 4179/ई टेंडरिंग/न.पा./2024 — सीधी, दिनांक 5 सितम्बर 2024

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_368140_1 दिनांक 05.09.2024 | वार्ड क्रमांक 01, पटपरा पुलिस लाइन अप्रोच रोड से कृष्णा पब्लिक स्कूल तक सी.सी. रोड (रिन्युअल कोट) निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 9.61 लाख | (1) 2000.00 (2) 9606.00 | 17.09.2024 |
| 2 | 2024_UAD_368143_1 दिनांक 05.09.2024 | वार्ड क्रमाक 05 में सिन्धी कालोनी धर्मशाला रोड में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 6.48 लाख | (1) 2000.00 (2) 6484.00 | 17.09.2024 |
| 3 | 2024_UAD_368146_1 दिनांक 05.09.2024 | वार्ड क्रमांक 07 मधुरी फिल्टर प्लांट के पास सी.सी.सड़क निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 5.21 लाख | (1) 2000.00 (2) 5214.00 | 17.09.2024 |
| 4 | 2024_UAD_368148_1 दिनांक 05.09.2024 | वार्ड क्र. 05 आदिवासी छात्रावास से हाकिम सिंह के घर तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 8.55 लाख | (1) 2000.00 (2) 8548.00 | 17.09.2024 |
| 5 | 2024_UAD_368149_1 दिनांक 05.09.2024 | वार्ड क्र.08 में मतगेन्द्र सिंह के घर से समयलाल सिंह के घर तक सी.सी.सड़क निर्माण कार्य। | (1) 1 माह (2) 3.08 लाख | (1) 2000.00 (2) 3079.00 | 17.09.2024 |
| 6 | 2024_UAD_368152_1 दिनांक 05.09.2024 | वार्ड क्रमांक 09 में संजीवनी क्लीनिक पहुंच मार्ग हेतु एच.पी. कल्वर्ट एवं सी.सी.सड़क निर्माण कार्य। | (1) 2 माह (2) 8.25 लाख | (1) 2000.00 (2) 8250.00 | 17.09.2024 |
| 7 | 2024_UAD_368153_1 दिनांक 05.09.2024 | वार्ड क्र. 12 में बचपन स्कूल के पास शिवानन्द शुक्ला के घर के पास आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | (1) 1 माह (2) 2.14 लाख | (1) 2000.00 (2) 2137.00 | 17.09.2024 |

नोट :– निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी

## संपादकीय

### मजबूत हुई भारत की अर्थव्यवस्था

कई बार साधारण-सी दिखने वाली कोई पहल आगे चलकर दूरगामी महत्त्व की साबित होती है। दस वर्ष पहले जब जन धन खाता योजना की शुरुआत हुई, तो इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई गई थीं। मसलन, अगर साधारण लोग बैंक में खाता खोल रहे हैं तो खाता चालू रखने की शर्तों को कैसे और कितने दिन तक पूरा कर पाएंगे और इससे आम लोगों के साथ-साथ देश को क्या लाभ होगा! अब यह कहा जा सकता है कि जन धन खाता योजना में महत्त्वपूर्ण कामयाबी मिली है और एक बड़ा तबका इससे लाभान्वित हुआ है।इसके अलावा, इसने देश की अर्थव्यवस्था में काफी अहम योगदान दिया है। शायद यही वजह है कि जिस समय दुनिया भर में आर्थिक उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल है, कई देशों में मंदी का माहौल है, उस समय भारत में केवल जन धन खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है।गौरतलब है कि जन धन खाता योजना शुरू होने के बाद समाज का एक बड़ा वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र के दायरे आया। इस तबके के लोगों का खाता अगर किसी बैंक या डाकघर में किसी तरह खुल भी जाता था, तो उसे बनाए रखना उनके लिए मुश्किल था। इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है।इस योजना के खाताधारकों को विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत मिली राशि सीधे हस्तांतरित करने में मदद मिलती है। आज ग्रामीण लोगों और खासकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी वित्तीय विकास का एक ठोस आधार बना है।

# हमें इस दौर से निकलना होगा

**आज की दुनिया में जो तबाही फैल रही है, वह इसी बदनीयती की कोख से जन्मी है।कोई आश्चर्य नहीं कि आज पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया में जारी जंग हर रोज नई आशंकाएं जन रही हैं। यूक्रेन-रूस के बीच युद्ध अपने तीसरे साल में है। इजरायल का गाजा पर सितम भी अगले महीने दूसरे साल में प्रवेश कर जाएगा। समूची दुनिया के पचास से अधिक मुल्क आंतरिक अथवा बाह्य संघर्षों से आक्रांत हैं। यही नहीं, ईरान अपने राष्ट्रपति की मौत के बाद सदमे से उबरा न था कि उसकी सरजमीं हमास के सदर इस्माइल हानियाह के खून से लाल हो गई।**

(शशि शेखर)

कृपया 1991 से 2019 के बीच के दिन-रात याद कीजिए। आपको लगेगा कि हम इंसानियत के बेहतरीन दौर से गुजर रहे थे। कुछ अफ्रीकी मुल्कों को छोड़ दें, तो युद्ध उन दिनों बीते वक्त की निशानियां लगने लगे थे। इस दौरान चेकोस्लोवाकिया दो भागों में बंटा, सोवियत संघ में शामिल देश अलग हुए, पर वैसी हिंसा नहीं हुई, जैसी भारत अथवा इजरायल की आजादी के वक्त हुई थी।

इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि बर्लिन की दीवार गिरने से शुरू हुआ पश्चिम का प्रभुत्व सोवियत संघ के क्षरण के साथ वर्ष 1991 में परवान चढ़ चुका था। नव-पूंजीवाद विकास की नूतन बारहखड़ी के साथ हमारे दरवाजों पर दस्तक दे रहा था। अगले तीन दशक अति-निर्धनता के अभिशाप पर आघात के थे। इस दौरान समूची दुनिया में एक अरब से अधिक लोग गरीबी की रेखा से मुक्ति पाने में कामयाब हुए। यह अभूतपूर्व था।

इस बीच आतंकवाद की कुछ बड़ी वारदातों ने अवश्य आकार लिया। इसमें सबसे बड़ा न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला था, जिसमें तकरीबन तीन हजार लोग मारे गए और अरबों डॉलर की संपत्ति स्वाहा हो गई। उसी दिन अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय से भी दहशतगर्दों द्वारा कब्जाया हुआ एक जहाज टकराया। इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ, पर अमेरिकी अभेद्यता की नाक अवश्य कट गई। बौखलाए अमेरिका और उसके दोस्तों ने अफगानिस्तान पर जवाबी हमला बोल दिया। वे मानते थे कि 'न्यूयॉर्क का हत्यारा' ओसामा बिन लादेन वहीं छिपा हुआ है। यह बात अलग है कि ओसामा अगले दस वर्ष उन्हें वहां नहीं मिला। बाद में उसे पाकिस्तान के अति-सुरक्षित एबटाबाद के सैन्य इलाके में मार गिराया गया। इससे पूर्व अमेरिका और उसके मित्र देशों ने इराक पर इस संगीन आरोप के साथ हमला बोला था कि वहां के तानाशाह सद्दाम हुसैन ने घातक रासायनिक हथियार बना रखे हैं, जो मानवता के खिलाफ हैं।

इराक से पश्चिमी वैज्ञानिकों की भरमार वाली अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी हाथ मलती लौटी थी। उस समय सवाल उठा था कि ऐसा अनर्थ क्यों? क्यों हजारों निरपराध लोगों के खून से हाथ रंगे गए? क्यों इराक जैसे खुशहाल मुल्क को यूं बर्बाद कर दिया गया? अमेरिका के पास जवाब न थे। यही वजह है कि जब उसने शक की बिना पर अफगानिस्तान पर धावा बोला, तो पश्चिमी मुल्कों के प्रति शेष दुनिया का भरोसा डगमगा गया। सयाने कहने लगे कि



यह प्रवृत्ति बलशाली के लिए भली और निर्बलों के लिए घातक है। वे गलत नहीं थे, क्योंकि इसी कालखंड में चीन और रूस ने भी आततायी रुख अपना लिया। रूस ने सीरिया पर बम बरसाए, क्रीमिया पर कब्जा किया और बाद में यूक्रेन के ऊपर धावा बोल दिया। चीन ने भारत के साथ गलवान में खूनी झड़प की। ताइवान की संप्रभुता को चुनौती दी और अब दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस का गुजर-बसर दूभर कर रखा है।

आज की दुनिया में जो तबाही फैल रही है, वह इसी बदनीयती की कोख से जन्मी है।कोई आश्चर्य नहीं कि आज पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया में जारी जंग हर रोज नई आशंकाएं जन रही हैं। यूक्रेन-रूस के बीच युद्ध अपने तीसरे साल में है। इजरायल का गाजा पर सितम भी अगले महीने दूसरे साल में प्रवेश कर जाएगा। समूची दुनिया के पचास से अधिक मुल्क आंतरिक अथवा बाह्य संघर्षों से आक्रांत हैं। यही नहीं, ईरान अपने राष्ट्रपति की मौत के बाद सदमे से उबरा न था कि उसकी सरजमीं हमास के सदर इस्माइल हानियाह के खून से लाल हो गई। ईरान ने बदला चुकाने की कसम खाई है और उधर लेबनान व इजरायल के बीच जंग गरमाती जा रही है। आप इसे इस्लाम बनाम यहूदी का युद्ध मानने की गलती मत कर बैठिएगा। हम विरोधाभासों की नई दुनिया में प्रवेश कर चुके हैं।

इस विरल वक्त में 'ऑर्थोडॉक्स' रशियन चर्च को मानने वाले मॉस्को और कीव को रोटी-बेटी, आचार-विचार और बरसों पुराने साथ की सौगंध तक नहीं रोक पा रही। वहां अब तक एक लाख से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और खरबों की संपत्ति स्वाहा हो चुकी है। यह जंग कब रुकेगी, इस सवाल का जवाब पुतिन और जेलेंस्की भी नहीं दे सकते। यही हाल इजरायल का है। नेतन्याहू जानते हैं कि वह जो कर रहे हैं, उसका हासिल सिर्फ आर्थिक तबाही है, पर वह तबाही की आग को हवा दिए जा रहे हैं। इजरायल के लिए आए दिन नए मोर्चे खुल रहे हैं और इससे समूचा भू-भाग थर्रा उठा है।

यह थर्राहट उन लोगों के मन में भी दहशत पैदा कर रही है, जो जानते हैं कि जंग आर्थिक विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा साबित होती आई है। भारत जैसे तमाम देश इसी मत को मानते आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसीलिए पिछले हफ्ते कीव गए थे। वह इसके पहले मॉस्को की यात्रा कर चुके हैं। मोदी ने अनेक बार पुतिन, जेलेंस्की, बाइडन और अन्य बड़े नेताओं से इस संबंध में फोन पर चर्चा भी की, मगर युद्धग्रस्त भूमि के अधिपति कम जिद्दी नहीं हैं। जेलेंस्की ने मोदी के प्रस्थान के तत्काल बाद जैसी बचकानी बयानबाजी की, उससे जाहिर है कि वह शांति से ज्यादा अपनी छवि को तरजीह देते हैं। यही हाल नेतन्याहू का है। वह अमेरिकी सदर की चेतावनियों तक को दरकिनार कर चुके हैं। बढ़ते संघर्षों के इस दौर में राष्ट्राध्यक्षों की ऐसी सनक द्वितीय विश्वयुद्ध से पहले के महीनों की डरावनी याद दिलाती है।

### इस पर अंकुश कैसे लगाया जाए?

सैद्धांतिक उत्तर तो यह है कि संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद इसके लिए पूरी तरह अधिकृत है। उसे इस विनाश पर लगाम लगानी चाहिए, मगर परिषद कुछ मुल्कों की जागीर बनी हुई है। ऐसा न होता, तो इराक, अफगानिस्तान के बाद अब गाजा और यूक्रेन न सुलग रहे होते। स्लोवानिया की राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर ने ठीक ही कहा है, 'आखिर संयुक्त राष्ट्र का गठन क्यों हुआ था? इसका गठन इस पूरे ग्रह पर शांति और सुरक्षा की स्थापना के लिए किया गया था। लेकिन इस संगठन के साथ एक बड़ी समस्या है। युद्ध न सिर्फ मैदानों में लड़े जाते रहे, बल्कि सुरक्षा परिषद (संयुक्त राष्ट्र) के भीतर वीटो शक्तियों के साथ भी जंग लड़ी जाती रही हैं। पिछले 25 वर्षों से हम संयुक्त राष्ट्र में सुधार को लेकर बहस कर रहे हैं। पर आज हम क्या देख रहे हैं? सुरक्षा परिषद निष्क्रिय है और जब भी हमारे हित की कोई बात होती है, कम से कम तीन देश वहां अपने वीटो के इस्तेमाल के लिए तत्पर होते हैं। मैं मानती हूं, अब वक्त आ गया है कि हम वीटो पावर में बड़े बदलाव के बारे में गंभीर विमर्श की शुरुआत करें।' संयोग से नताशा अकेली नहीं हैं। आत्ममुग्ध पश्चिम के मुल्कों को छोड़ दें, तो आधी से अधिक धरती की आबादी इसके पक्ष में है। अगर हमें पिछले दशक तक जारी आर्थिक सुधारों को जारी रखना है, तो इन सुधारों के प्रति गंभीर नजरिया अपनाना ही होगा। अनैतिक विस्तारवाद और विकास के बीच झूलती दुनिया को बेहतर संतुलन की जरूरत है।

# विशेषज्ञों को सीधे अधिकारी बना देना कितना लाभकारी

**(आलोक रंजन, पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश)**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा संयुक्त सचिव और उप सचिव/निदेशक के 45 पदों के लिए विशेषज्ञों की सीधी भर्ती के विज्ञापन निकालने के बाद ऐसा विवाद खड़ा हो गया कि विज्ञापन को रद्द करना पड़ा और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दोहरानी पड़ी। वैसे, भारत सरकार में प्रत्यक्ष भर्ती के सभी मामलों में आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए।

आज सवाल यह है कि लेटरल एंट्री का औचित्य क्या है? वर्तमान शासन प्रणाली में क्या समस्या है, जिसे लेटरल एंट्री हल करने की कोशिश कर रही है? इस विचार के पक्षधर यह तर्क देते हैं कि लेटरल एंट्री व्यवस्था के बाहर से नए खून और ताजे विचारों का संचार करेगी, जिससे यह अधिक उपयोगी और जीवंत हो जाएगी। इसके समर्थकों का मानना है कि यह सभी समस्याओं का रामबाण इलाज है, जिसके अभाव में कमतर प्रदर्शन हो रहा है। हालांकि, इसके लिए सिविल सेवक जिम्मेदार नहीं हैं। समस्या यह नहीं है कि उनमें डोमेन ज्ञान की कमी है, बल्कि समस्या नौकरशाही संरचना और सरकारी कार्यप्रणाली में निहित है। सर्वश्रेष्ठ सिविल सेवक, जिन्हें अपने करियर की शुरुआत में उत्साही और गतिशील माना जाता है, वर्षों के साथ- सीएजी, सीवीसी, सीबीआई, कोर्ट (चार सी) के भय के कारण नरम पड़ जाते हैं। अक्सर अधिकारी निर्णय लेने से पहले सुरक्षा-प्रथम दृष्टिकोण अपनाते हैं। समझ में नहीं आता कि यहां एक डोमेन या एक क्षेत्र विशेषज्ञ सिविल सेवक से बेहतर तरीके से कैसे काम कर सकता है?

यह आकलन करना दिलचस्प होगा कि एक संयुक्त सचिव या उप-सचिव कैसे कार्य करते हैं। उनका ज्यादा समय संसदीय मामलों में लगता है। मंत्रियों के लिए जवाब तैयार करने का काम उनके पास प्रमुखता से होता है।

वास्तव में बेहतर सेवा के लिए डोमेन विशेषज्ञता से अधिक नेतृत्व के गुणों की जरूरत होती है। वरिष्ठ स्तर पर एक सिविल सेवक को ही नेतृत्व प्रदान किया जाना चाहिए। अपने प्रशिक्षण के चलते सिविल सेवक उस स्तर तक पहुंचता है, जहां उसके पास ये गुण होने चाहिए। यदि नहीं, तो उसे इन गुणों को विकसित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। इस संबंध में डोमेन विशेषज्ञ का कोई औचित्य नहीं बनता। किसी भी स्थिति में उप-सचिव स्तर पर लेटरल एंट्री की कोई उपयोगिता प्रतीत नहीं होती, क्योंकि यह




विशेषज्ञ के लिए कोई योगदान करने के लिए बहुत जूनियर पद है। वह बिना किसी प्रभाव के केवल फाइलें आगे बढ़ाएगा। उप-सचिव स्तर पर अधिकारियों की कमी की समस्या है, तो इसके कारणों का पता लगाकर उनका समाधान किया जाना चाहिए। जल्दबाजी में लेटरल एंट्री निश्चित रूप से इसका उत्तर नहीं है।

लोक प्रशासन के विशेषज्ञ पॉल एप्पलबी के शब्दों में, आईएएस अधिकारी के अनुभव की विविधता अच्छी नीतियों के निर्माण के लिए सबसे अनुकूल है। इसके अलावा आप विशेषज्ञता के लिए किस हद तक जाएंगे? एक नेफ्रोलॉजिस्ट या बाल रोग विशेषज्ञ सामान्यतः अपने विशेषज्ञता के क्षेत्र में इतने डूबे होते हैं कि उन्हें स्वास्थ्य नीति पर समग्र दृष्टिकोण अपनाने में कठिनाई होती है, यह काम एक आईएएस अधिकारी कर सकता है। आईएएस अधिकारी के 8-10 वर्षों के अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। महज तीस मिनट के साक्षात्कार से आप बेहतर अधिकारी का चयन नहीं कर सकते। मैं सरकार में विशेषज्ञों के होने के खिलाफ नहीं हूं। विंस्टन चर्चिल के शब्दों में, विशेषज्ञ छोर पर होना चाहिए, शीर्ष पर नहीं । मंत्रालय के सलाहकार के रूप में विशेषज्ञों को रखने की परंपरा है । सलाहकार भी एक भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन उनका सहारा सीमित होना चाहिए। निश्चित रूप से उत्कृष्ट लोगों को उनके विशेषज्ञता के क्षेत्र में सरकार के लिए काम करने के लिए लाया जा सकता है, जैसे नंदन नीलेकणि को आधार कार्ड परियोजना की अध्यक्षता दी गई थी।

सरकार में लेटरल एंट्री ऐसा विचार है, जिस पर गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता है। हमें इस अवधारणा से जुड़े मिथकों से हटकर अच्छे शासन की वास्तविकताओं की ओर बढ़ना चाहिए। वर्तमान सुशासन के संबंध में समस्याएं हैं, पर इसके लिए सही निदान होना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## वर्ग पहेली 5484



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. करीब 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी इस नृत्यांगना अभिनेत्री का 21 अक्टूबर 1939 को जन्म दिन है(3)
4. निद्रा को जीत लेने के कारण पांडुपुत्र अर्जुन का एक नाम (4)
8. अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाला (4)
9. मस्तक, माथा, पेशानी (3)
10. कच्चे आम या इमली का बना खटठा-मीठा पदार्थ (2)
11. हिंदू धर्म के लोग इस पौधे को पवित्र मानते है, कार्तिक मास में इस पौधे का पूजन हर हिंदू के घर में होता है (3)
14. राजमुकुट, शिखा (2)
15. वह राजा जिसके नाम से कोई सवत् चले, भ्रम (2)
16. आईना, कांच, शीशी (3)
17. मेहबूब खान के निर्देशन में बनी फिल्म आन (1952) इस अभिनेत्री की पहली फिल्म थी (3)
19. युद्ध, जंग, लड़ाई (2)
21. उपद्रव, फसाद (3)
22. मित्र, दोस्त, पुरूष मित्र (2)
23. नर्मघास, विशाखा, अमृता (2)

**ऊपर से नीचे**

1. पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका जो संगीतकार रवींद्र जैन की पसंदीदा गायिकाओं में से एक थी (4)
2. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)
3. विश्वकर्मा के सुत नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद्र पर बंधापुल (4)
5. भराई करना, पूंजी निवेश करना (3)
6. इस फल को कदरी भी कहते है (2)
7. बैंडमिंटन की गेंद को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
10. दया आना, द्रवित होना (4)
12. कोमलकांड, सुंदर स्त्री (2)
13. लंकाधिपति रावण की प्रसिद्ध बहन (4)
15. सज्जनता, सभ्यीकरण (4)
16. ईश्वर दर्शन (3)
18. मन, हृदय, चित्त (2)
20. पिता के पिता को प्यार से यह कहते है (2)

### वर्ग पहेली 5483 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | | ली | ला | से | ठ |
| ग | ब | न | | प | ल | | ग |
| णे | | न | म | ना | | बा | ना |
| शा | प | | हा | | द | | |
| य | ह | | दे | व | रि | पु | |
| न | र | दे | व | | या | र | |
| मः | | व | | | दि | खा | ना |
| | | र | सा | त | ल | | ते |

# शार्क में छिपा है सदियों लंबे जीवन का राज

**(मुकुल व्यास)**

आर्कटिक महासागर और उत्तरी अटलांटिक महासागर में पाई जाने वाली ग्रीनलैंड शार्क सदियों तक जीवित रह सकती है। शोधकर्ता इस मछली के लंबे जीवन काल के रहस्यों को उजागर करने के लिए अध्ययन कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्रीनलैंड शार्क की लंबी उम्र के कारणों को समझ कर मानव स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है। इससे आयु-वृद्धि पर चल रही रिसर्च को भी बेहतर बनाया जा सकता है।

**400 साल उम्रः** रिसर्चर्स ने 2016 में पता लगाया था कि ग्रीनलैंड शार्क कम से कम 272 बरसों तक जीवित रह सकती हैं। कुछ मछलियां 400 साल तक भी जिंदा रह सकती हैं। ग्रीनलैंड शार्क की इतनी लंबी उम्र क्यों होती है, यह एक बड़ा रहस्य है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि शार्क की धीमी वृद्धि दर और कम मेटाबोलिज्म (चयापचय) उसकी लंबी उम्र के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि इस बारे में रिसर्च अभी जारी है।

**इंसानों के लिए उम्मीदः** यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के वैज्ञानिक इवान कैंपलिसन ग्रीनलैंड शार्क की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया के सुराग ढूंढने के लिए उसके मेटाबॉलिज्म का अध्ययन कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्रीनलैंड शार्क जैसी लंबी उम्र वाली प्रजातियों की शारीरिक रचना और उनकी अनुकूलन क्षमता को अच्छे ढंग से समझ कर हम मानव स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस शार्क जितना जीवन काल पाना भले संभव न हो, औसत मानव जीवन को एक अतिरिक्त दशक तक बढ़ाना संभव हो सकता है।

**बेहद कम खाना :** ग्रीनलैंड शार्क आराम से तैरने वाली मछली है। इसकी लंबाई 2.4 मीटर से 7 मीटर के बीच होती है और वजन 1.5 टन तक हो सकता है। यह मछली सैमन, ईल, सील और ध्रुवीय भालुओं का शिकार करती है। यह भोजन के बीच लंबे समय तक बिना कुछ ग्रहण किए रह सकती है। साल 2022 के एक अध्ययन के अनुसार, 224 किलो की ग्रीनलैंड शार्क दिन में 60 ग्राम से 170 ग्राम भोजन के साथ भी ठीक ठाक रह सकती है।

**मेटाबोलिज्म का असरः** कुछ समय पहले सोसाइटी फॉर एक्सपेरिमेंटल बायॉलजी के वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए कैंपलिसन के नए शोध से पता चला है कि शार्क का मेटाबॉलिज्म रेट उम्र बढ़ने के साथ धीमा नहीं होता। इससे इसकी लंबी उम्र के राज को समझने में मदद मिल सकती है। दूसरी तरफ, मनुष्य और अधिकांश जानवरों में मेटाबॉलिज्म बाद के बरसों में धीमा हो जाता है, जो अस्वस्थ वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

**अलग तरह के एंजाइमः** इवान कैंपलिसन ने ग्रीनलैंड शार्क के संरक्षित मांसपेशी ऊतक में पांच मेटाबॉलिज्म एंजाइमों की गतिविधि को देखा। उन्होंने बताया कि अधिकांश प्रजातियों में जैसे-जैसे जानवर की उम्र बढ़ती है, इन एंजाइम की गतिविधि में बदलाव होता है। कुछ एंजाइम की गतिविधि समय के साथ कम होती है, जबकि अन्य एंजाइम अपनी गतिविधि में वृद्धि करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जानवर पर्याप्त ऊर्जा पैदा करता रहे। कैंपलिसन ने जिन ग्रीनलैंड शार्क मछलियों को देखा, उनकी उम्र 60 से 200 साल के बीच होने का अनुमान है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज आपका पूरा दिन काफी बिजी रहेगा और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। सावधानीपूर्वक हर काम को करें तो आपको लाभ होगा। आपका आत्मसम्मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

### वृषभ

आज कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको धन के मामले में लाभ होगा और कारोबार में किस्?मत का साथ मिलेगा। दिन आपके लिए मान प्रतिष्?ठा में वृद्धि करने वाला और उत्तम प्रकार का धन संपत्तिदायक है। आपके लिए चंद्रमा सुख शांति देने वाला है और आपको व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे।

### मिथुन

आज कार्य पूर्ण होने से आपको धन संपत्ति की प्राप्ति होगी। आपका दिन आनंद में बीतेगा और रुकी हुई योजनाएं फिर से आरंभ होने से खुशी होगी। सेहत को लेकर सावधान रहें। अतिथि और मेहमान भी कुछ लंबा पड़ाव डाल सकते हैं और आपको काफी खुशी का अनुभव होगा।

### कर्क

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। इसमें आपको पहले कुछ खर्च भी करना पड़ सकता है और आपको कहीं से ऑफिस का या फिर कारोबार से जुड़ा हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और पूरा दिन खुशी और आनंद में बीतेगा।

### सिंह

आज करियर में भाग्?य वृद्धि के योग बन रहे हैं। हर मामले में सफलता मिलेगी और भाग्?य का पूरा साथ मिलेगा। व्यावसायिक स्थान परिवर्तन आपके करियर के लिए अच्छा मोड़ साबित हो सकता है। कारोबार में लाभ होगा और आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी।

### कन्या

आज करियर में लाभ और सफलता से भरा दिन होगा और आपको हर मामले में भाग्?य का साथ मिलेगा। नौकरी या कारोबार में आप बेहतर होगा कि चुप रहकर काम करें तो आपके कार्य पूर्ण होंगे। बहस और टकराव से बचें और किसी बात पर आपस में झगड़ा करने से बचें।

### तुला

आज दिन भाग्?यशाली है। आपके सोचे गए सभी कार्य पूर्ण होंगे और कारोबार में भाग्?य का साथ मिलेगा। दिन आनन्द में बीतेगा और आपके सौंदर्य में वृद्धि होने से मन प्रसन्?न होगा। किसी निकट मित्र की सलाह और सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज आपको हर मामले में विजय प्राप्?त होगी। दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज मस्?ती के दिन आने वाले हैं। आपके घर में कोई आपकी बातों को सुनने के बाद आपकी मदद करेगा।

### धनु

आज धन में वृद्धि का है और आपको अकस्?मात बड़ी मात्रा में पैसा मिलने से हर्ष होगा और आपका पूरा दिन समस्?याओं का समाधान करने में बीतेगा। कोशिश करेंगे तो आपको कोई स्?थायी सफलता मिल सकती है और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

### मकर

आज दिन काफी व्?यस्?तता से भरा होगा और आपको अपने कारोबार पर ध्?यान देने की जरूरत है। आपका दिन कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहा है और आपकी करियर से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें।

### कुंभ

आज प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अन्त में आपकी हर मामले में जीत होगी और आपके जीवन में चैन और सुकून बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको आगे बढ़ने के लिए कुछ नए कार्य करने पड़ सकते हैं और थोड़े बहुत जोखिम भी लेने पड़ सकते हैं। आपका दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में मनचाही सफलता हासिल होने से आपको खुशी होगी।

### मीन

आज आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्?न होंगे। आपके घर में किसी प्रकार के मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है और आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। धार्मिक कार्य में रुचि और निकट की यात्रा भी संभव है। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अब सब्सिडी की कोई आवश्यकता नहीं है : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी को खत्म किए जाने का संकेत देते हुए,



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी देने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि उपभोक्ता अब खुद ही ईवी या सीएनजी वाहन चुन रहे हैं। बीएनईएफ शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि शुरुआत में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण की लागत ज्यादा थी। लेकिन जैसे-जैसे मांग बढ़ी, उत्पादन लागत कम होती गई। जिससे आगे सब्सिडी की जरूरत नहीं रह गई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, उपभोक्ता अब खुद ही इलेक्ट्रिक और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) वाहन चुन रहे हैं। और मुझे नहीं लगता कि हमें इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ज्यादा सब्सिडी देने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी पेट्रोल और डीजल वाहनों की तुलना में कम है। उन्होंने कहा, मेरे विचार से, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण को अब सरकार द्वारा सब्सिडी दिए जाने की आवश्यकता नहीं है। सब्सिडी की मांग अब उचित नहीं है। इस समय, हाइब्रिड सहित इंटरनल कंब्शन इंजन द्वारा संचालित वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी, और इलेक्ट्रिक वाहनों पर 5 प्रतिशत लगाया जाता है। इससे पहले, बुधवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा था कि सरकार अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने की योजना एफएएमई के तीसरे चरण को एक या दो महीने में अंतिम रूप दे देगी। उन्होंने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह इस योजना के लिए मिले इनपुट पर काम कर रहा है। और (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहन (एफएएमई) योजना के पहले दो चरणों में मुद्दों को हल करने की कोशिश की जा रही है।

### चुनाव से पहले ही हार मान चुकी है बीजेपी : कुमारी शैलजा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने गुरुवार को बीजेपी के उम्मीदवारों की पहली सूची पर कहा कि यह पार्टी पहले ही हार मान चुकी है। इस सूची से पार्टी की कुंठा जाहिर होती है। ऐसा लग रहा है कि जैसे मानो कोई बंजर जमीन हो। कुमारी शैलजा ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि पार्टी 10 सालों से सत्ता में है, लेकिन उसे उम्मीदवार बनाने के लिए कोई नेता तक नहीं मिला। आखिर मिलेगा भी कैसे? सभी तो पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। मुझे लगता है कि बीजेपी को अब आत्मचिंतन की आवश्यकता है कि आखिर क्यों लोगों का उससे मोह भंग हो रहा है। कांग्रेस नेता ने बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, यह पार्टी अब हताश हो चुकी है। इस पार्टी से लोगों का विश्वास उठ चुका है। इसकी विश्वसनीयता ही खतरे में है। कुमारी शैलजा से जब कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। अभी इसे लेकर बैठकों का दौर जारी है। लोगों की राय ली जा रही है। यह अच्छी बात है कि सभी के सुझावों का स्वागत किया जा रहा है, ताकि किसी भी नतीजे पर पहुंचने में कोई समस्या न हो। पार्टी नेतृत्व ने हमसे स्पष्ट कहा है कि आप प्रदेश की सभी 90 सीटों को लेकर अपने सुझाव दे सकते हैं।

### सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की जरूरत : राजनाथ सिंह

**लखनऊ, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है और शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में साइबर और अंतरिक्ष-आधारित क्षमताओं के रणनीतिक महत्व पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जो भविष्य के संघर्षों की तैयारी की आवश्यकता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में शांति है, लेकिन हमें सतर्क रहने की जरूरत है। उकसावे पर तत्काल जवाब दें। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें अपने वर्तमान पर ध्यान रखना होगा। मौजूदा समय में हमारे आस-पास हो रही गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है। इसके लिए हमारे पास एक मजबूत और राष्ट्रीय सुरक्षा घटक होना चाहिए। हमारे पास हर तरह के इंतजाम होने चाहिए। रक्षा मंत्री ने कमांडरों से सशस्त्र बलों के लिए हाईटेक हथियारों का इस्तेमाल करने की बात कही। उन्होंने संयुक्त सैन्य दृष्टि विकसित करने और भविष्य में होने वाले युद्धों में देश के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी करने के महत्व पर जोर दिया और किसी भी तरह के उकसावे पर तत्काल रिएक्शन देने की बात कही। सशक्त और सुरक्षित भारत: सशस्त्र बलों में बदलाव' विषय पर आयोजित सम्मेलन में 'एकीकृत थिएटर कमान' शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा पर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके लिए हमारे पास एक मजबूत और सुदृढ़ राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचा होना चाहिए।' उन्होंने कमांडरों से सशस्त्र बलों के शस्त्रागार में पारंपरिक और आधुनिक युद्ध उपकरणों के सही मिश्रण की पहचान करने और उसे शामिल करने का भी आह्वान किया। सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी उपस्थित रहे।

# उमर अब्दुल्ला के लिए गांदरबल सीट आसान नहीं, इन चार नेताओं से होगा मुकाबला

**गांदरबल, एजेंसी।** जम्मू एवं कश्मीर की गांदरबल विधानसभा सीट पर मुकाबला नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के लिए आसान नहीं होगा। इस सीट के लिए कुल 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। जिनमें से चार उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला को कांटे की टक्कर देंगे। मौलवी सरजन बरकती ने भी इस विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बता दें कि सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती उर्फ आजादी चाचा 2016 में तब सुर्खियों में आया था, जब 8 जुलाई 2016 को अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में सुरक्षा बलों ने हिजबुल के पोस्टर बॉय बुरहान वानी को मार गिराया था। उस दौरान बरकती के भड़काऊ भाषणों ने युवाओं को आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए उकसाया था। बरकती इस समय जेल में बंद है। उसे पहली बार 2016 में गिरफ्तार किया गया था और रिहा होने के बाद पिछले साल उसे फिर से गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया। उसे आतंकवादी-अलगाववादी का विचारक, प्रवर्तक और समर्थक माना जाता है। उसकी पत्नी को भी धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले शोपियां जिले के जैनपोरा निर्वाचन क्षेत्र में बरकती का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया था, क्योंकि जेल अधीक्षक द्वारा सत्यापित अनिवार्य शपथ पत्र नामांकन पत्र के साथ संलग्न नहीं था। अब गांदरबल और बीरवाह में उसके कागजात की जांच की जाएगी। रिश्तेदारों और समर्थकों का दावा है कि इस बार मौलवी के कागजात हर तरह से पूरे हैं। वैसे कहा ये भी जा रहा है कि उमर अब्दुल्ला के खिलाफ चुनावी मैदान में बरकती की दावेदारी का एनसी नेता के लिए कम चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि अब्दुल्ला परिवार एक राजनीतिक परिवार के रूप में गांदरबल में अच्छी तरह से स्थापित है। हालांकि बरकती ने उमर अब्दुल्ला के खिलाफ चुनौती को थोड़ा बढ़ा दिया है, लेकिन गांदरबल में एनसी की असली चिंता अन्य दो संभावित मजबूत उम्मीदवारों से है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के बशीर अहमद मीर और जेएंडके यूनाइटेड मूवमेंट (जेकेयूएम) से राह जुदा कर निर्दलीय ताल ठोक रहे इश्फाक जब्बार शामिल हैं। बता दें कि मीर पड़ोसी कंगन विधानसभा क्षेत्र से आते हैं। वह पहले भी एनसी के वरिष्ठ गुज्जर नेता मियां अल्ताफ अहमद को चुनौती देते रहे हैं। 2014 के चुनावों में मियां ने मीर को 2,000 से भी कम मतों से हराया था और यह उन लोगों के लिए एक बड़ा झटका था जो यह मान रहे थे कि कंगन निर्वाचन क्षेत्र में मियां परिवार की धार्मिक-राजनीतिक ताकत के सामने मीर काफी पीछे दूसरे स्थान पर रहेंगे। परिसीमन के बाद कंगन अब एक अनुसूचित जनजाति सीट है और यही मुख्य कारण है कि बशीर



मीर पड़ोसी गांदरबल विधानसभा सीट पर चले गए। मीर का गांदरबल में जाना भगोड़े का भागना नहीं है। गांदरबल में पीडीपी की एक राजनीतिक पार्टी के रूप में अच्छी पकड़ है और यही वह निर्वाचन क्षेत्र है जहां 2002 के चुनावों में उमर अब्दुल्ला पीडीपी के काजी अफजल से हार गए थे। उमर ने बाद में 2008 में यहां से जीत हासिल कर अपनी हार का बदला लिया, लेकिन 2024 में मुकाबला कुछ हटकर मुकाबला होगा। युवा वोटर्स बशीर मीर के पक्ष में एकजुट हो गए हैं और इससे उमर अब्दुल्ला के खिलाफ संभावनाएं बढ़ गई हैं। इश्फाक जब्बार की मौजूदगी से भी एनसी की चिंताएं बढ़ गई हैं। 2014 में उन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र से एनसी उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी, लेकिन बाद में उन्हें 'एनसी विरोधी गतिविधियों' के चलते पार्टी से निकाल दिया गया था। इश्फाक गांदरबल के लार गांव से ताल्लुक रखते हैं और दिवंगत शेख जब्बार के बेटे हैं, जो एक वरिष्ठ एनसी नेता थे, जिन्होंने 1984 में डॉ. फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली एनसी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी- तब 17 एनसी विधायकों ने पार्टी छोड़ दी थी और फारूक के बहनोई जीएम शाह ने दलबदलुओं का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई थी। इश्फाक ने पिछले 10 वर्षों से गांदरबल के लोगों के बीच अपनी उपस्थिति बनाए रखी है। इसी दौरान उन्होंने जेकेयूएम का गठन किया। उमर अब्दुल्ला के खिलाफ उनकी मौजूदगी ऐसी नहीं है जिसे एनसी हल्के में ले सकती है। गांदरबल में अब्दुल्ला के लिए थोड़ी परेशानी साहिल फारूक से भी है। साहिल ने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद को चुनौती देते हुए स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया था। जैसा कि उमर अब्दुल्ला ने बारामूला लोकसभा सीट पर इंजीनियर राशिद से हारने के बाद स्वयं कहा था कि वह अच्छी तरह जानते हैं कि किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह वही चिंता और सरोकार था, बता दें कि कश्मीर में अपनी टोपी उतारना और किसी के सामने हाथ जोड़कर उसे आगे बढ़ाना खुद को पूरी तरह से सामने वाले के समक्ष समर्पित करने से होता है और एक तरह से ये प्रार्थना होती है।

## मंच पर फूट-फूटकर रोए पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, बोले- कांग्रेस ने मुझे फंसाया

**गोंडा, एजेंसी।** निजी विद्यालय में स्मार्ट फोन-टैबलेट वितरण कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह फूट-फूटकर



रो पड़े. उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया. कांग्रेस समेत नेता दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा पर निशाना भी साधा. इसके बाद मंच पर ही एक कुर्सी पर बैठ गए. फिर एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह ने जैसे ही उनके ऊपर लगे आरोपों पर बोलना शुरू किया पूर्व सांसद भावुक को गए. वह गमछे से बार-बार अपने आंसू पोंछते रहे. इसकी वीडियो भी सामने आया है. भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मेरे खिलाफ षडयंत्र रचा गया. कांग्रेस पार्टी के साथ दीपेंद्र और भूपेंद्र हुड्डा ने यह साजिश रची. पहले मैं कहता था लेकिन आज देश कह रहा है. 1996 में साजिश हुई तो पत्नी केतकी सिंह सांसद बनीं. अब 2023 में साजिश हुई तो बेटा करण भूषण सांसद बना. मैं 1991 से सांसद हूं. पहले कोई मेरी सेल्फी नहीं लेता था. इस घटना के बाद से हीरो, हिरोइन, साधु-संत समेत तमाम लोग सेल्फी लेते हैं. बदनाम हुआ तो नाम भी हुआ : डब्लूएफआई के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद ने आगे कहा कि अगर हम हुए बदनाम तो नाम भी तो हुआ. इसके बाद अपना संबोधन समाप्त कर वह मंच पर रखी एक कुर्सी पर बैठ गए. इसके बाद गोंडा- बलरामपुर सीट से एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह ने माइक संभाला. उन्होंने महिला पहलवानों के आंदोलन को निशाने पर लिया. पूर्व सांसद पर लगाए गए आरोपो को फर्जी बताया. कहा कि वह समाजसेवी हैं. इस बीच पूर्व सांसद भावुक हो गए. उनकी आंखों में आंसू हो गए. वह अपने गमछे से आंसू पोछते नजर आए. कौन हैं बृजभूषण शरण सिंह : कैसरगंज से पूर्व सांसद रह चुके बृजभूषण शरण सिंह का बृजभूषण शरण सिंह है. उनके लगभग 52 स्कूल और कॉलेज हैं. इनमें नंदिनी कॉलेज, नंदिनी नगर लॉ कॉलेज, नंदिनी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, नंदिनी नगर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, नंदिनी नगर पीजी कॉलेज, नंदिनी नगर टेक्निकल कैंपस फॉर इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, महिला शैक्षिक प्रशिक्षण कॉलेज आदि है. वह करोड़ों को मालिक हैं।

## सैम पित्रोदा के बयान पर बीडी शर्मा बोले, कांग्रेस में चापलूसी का दौर

**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के एक बयान ने सियासी हलकों में तूफान मचा दिया है। पित्रोदा ने दावा किया कि राहुल गांधी अपने पिता राजीव गांधी से ज्यादा समझदार हैं। इस बयान के बाद से राजनीतिक दलों के नेताओं की प्रतिक्रिया का दौर जारी है। मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा ने पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि सैम पित्रोदा वही हैं, जो देश के अंदर कई विवादास्पद बयानों में घिरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा का यह बयान कि राहुल गांधी राजीव गांधी से भी अच्छे हैं, कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह ने ही खारिज कर दिया है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के घोर विरोधी हैं और उनका यह बयान कांग्रेस की चापलूसी का हिस्सा है। शर्मा ने कहा कि यह दौर कांग्रेस में चापलूसी का है, जो सैम पित्रोदा प्रदर्शित कर रहे हैं। बता दें कि लक्ष्मण सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सैम पित्रोदा के उस बयान पर निशाना साधा था, जिसमें सैम ने कहा था कि राहुल गांधी पिता राजीव से ज्यादा समझदार हैं। लक्ष्मण सिंह ने एक्स पर लिखा था कि यह कांग्रेस का सबसे बड़ा दुश्मन है। बाप बेटे में फर्क पैदा कर रहा है। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया था। सैम पित्रोदा ने कहा था कि राहुल गांधी अपने पिता राजीव गांधी से ज्यादा समझदार हैं। राहुल गांधी की इमेज को सोशल मीडिया पर खराब किया गया था, इसके लिए लाखों डॉलर खर्च किए गए थे।

# जामिया मिलिया इस्लामिया में स्पोर्ट्स कोटे के प्रवेश में धांधली को लोकर एबीवीपी ने की जांच की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया में स्पोर्ट्स कोटे के प्रवेश में अनियमितताएं होने का आरोप लगाया है. साथ ही इस कोटे में हुए एडमिशन की जांच की मांग की है. जामिया मिलिया इस्लामिया, देश का एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है, जिसकी एनआईआरएफ रैंकिंग थर्ड है. यहां प्रवेश आमतौर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है.

इस आरोपों को लेकर जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी अजीम अहमद का कहना है कि यह एक महीने पुराना मामला है. जब स्पोर्ट्स कोटे की सूची आई थी और उस पर आपत्ति उठी थी तो सूची को वापस ले लिया गया था. फिर अनियमितताओं की जांच के बाद दूसरी सूची जारी की गई थी, जिसकी दाखिला प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है. इस मामले में यूनिवर्सिटी की ओर से समाधान किया चुका है.

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जामिया इकाई का कहना है कि जामिया की प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित नही होती है. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जामिया इकाई की हमेशा यह मांग रही है कि विश्वविद्यालय की सभी प्रवेश प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने के लिए सीयूईटी परीक्षा के माध्यम से सभी कोर्सो में प्रवेश हो. दुर्भाग्यवश, इस वर्ष भी जामिया प्रशासन ने केवल कुछ ही कोर्सों में सीयूईटी को अपनाया है, जो प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह उत्पन्न करता है. इसके अतिरिक्त,




जामिया विश्वविद्यालय में कुछ सीटें खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए आरक्षित हैं. इन सीटों पर बिना किसी प्रवेश परीक्षा के केवल खेलों में प्रदर्शन (ट्रायल) और पूर्व में खेलों में प्रतिभागिता के प्रमाणों के आधार पर प्रवेश दिया जाता है. अभाविप जामिया मिलिया इस्लामिया इकाई का दावा हैं कि हमें जानकारी मिली है कि जामिया के कुछ बड़े अधिकारियों और बाहरी व्यक्तियों की मिलीभगत से जाली प्रमाणपत्रों और ट्रायल में धांधली के जरिए ऐसे छात्रों का प्रवेश किया जा रहा है, जिनका उन खेलों से कोई वास्तविक संबंध नहीं है. जामिया मिलिया इस्लामिया इकाई के पास इस धांधली के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं, जो विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करते हैं. अभाविप, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के कुलपति से यह मांग करती है कि इस मामले की तुरंत निष्पक्ष जांच कराई जाए और गलत तरीके से हो रहे प्रवेश को अविलंब रोका जाए. यदि एक सप्ताह के भीतर इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो अभाविप, जामिया मिलिया इस्लामिया इकाई, सबूतों को मीडिया के सामने उजागर करने और कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के लिए बाध्य होगी. अभाविप के जामिया मिलिया इस्लामिया के अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा है कि यह विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा और यहां के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# केंद्र ने छोटे शहरों में 50 से अधिक हवाई अड्डों के विस्तार के लिए पंचवर्षीय योजना का किया ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने छोटे शहरों में 50 से अधिक हवाई अड्डों के विकास और विस्तार के लिए एक व्यापक पंचवर्षीय योजना का ऐलान किया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (ए.ए.आई.) की अगुवाई में इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य 2030 तक विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इस योजना का ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब देश में घरेलू हवाई यात्रा की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। आंकड़ों का हवाले देते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2 सितंबर को घरेलू हवाई यातायात 477,554 यात्रियों की संख्या के साथ शिखर पर पहुंच गया है। इस साल की शुरुआत में 21 अप्रैल को यह आंकड़ा 470,751 था।

**50 लाख यात्रियों की होगी बिहटा हवाई अड्डे की क्षमता :** इस योजना के तहत बिहार के बिहटा हवाई अड्डे का भी विकास किया जाएगा, यह बिहार की राजधानी पटना के लिए द्वितीयक हवाई अड्डे के रूप में काम करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बिहटा हवाई अड्डे का शिलान्यास समारोह 2024 के अंत



तक होगा। एक बार चालू होने के बाद बिहटा हवाई अड्डे पर 60 से अधिक चेक-इन काउंटर, 15 से अधिक सेल्फ-चेक-इन कियोस्क होंगे और व्यस्त समय के दौरान 3,000 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। अगले दो दशकों में हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता 50 लाख यात्रियों तक होने का अनुमान है।

**अंकलेश्वर और द्वारका में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का निर्माण :** पंचवर्षीय योजना में गुजरात के अंकलेश्वर और द्वारका में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का निर्माण भी शामिल है। प्रबंधन परामर्श फर्म प्राइमस पार्टनर्स की उपाध्यक्ष प्रज्ञा प्रियदर्शिनी के अनुसार नियोजित विकास परियोजनाओं से वर्तमान में कम सेवा वाले या असेवा वाले शहरों से हवाई यात्रा की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। जैसे-जैसे इन क्षेत्रों में नए उद्योग, बुनियादी ढांचे और सेवाएं उभरेंगी, देश और दुनिया के अन्य हिस्सों से कुशल कनेक्टिविटी की आवश्यकता बढ़ती जाएगी।

**भारतीय एयरलाइंस भी बढ़ा रही हैं क्षमता :** रिपोर्ट के मुताबिक नए हवाई अड्डों के अलावा सरकार कई वायु सेना स्टेशनों पर नए सिविल एन्क्लेव पर विकास कार्य शुरू करने की तैयारी कर रही है। अगले पांच वर्षों के लिए निर्धारित परियोजनाओं में तमिलनाडु में तंजावुर, पश्चिम बंगाल में हासीमारा और लद्दाख में थोईस आदि शामिल हैं। इसके अलावा, मौजूदा हवाई अड्डों को बड़े विमानों के लिए स्थानांतरित करने की तैयारी है। वर्तमान में भारत में अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और कस्टम हवाई अड्डों सहित 131 हवाई अड्डे कार्यरत हैं। हवाई यातायात में वृद्धि जारी रहने के कारण भारतीय एयरलाइंस बढ़ती मांग को पूरा करने की तैयारी कर रही हैं

## अनंत अंबानी ने गणेश चतुर्थी से पहले मुंबई के लालबागचा राजा को पहनाया 20 किलो सोने का मुकुट, कीमत 15 करोड़ रुपये

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई के लालबागचा राजा का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा फर्स्ट लुक आज शाम गणेश चतुर्थी से पहले जारी किया गया। मैरून रंग की पोशाक पहने और आभूषणों से सजे बप्पा के दर्शन ने भक्तों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस साल के लालबागचा राजा का मुख्य आकर्षण 15 करोड़ रुपये मूल्य का 20 किलोग्राम सोने का मुकुट था, जिसे कथित तौर पर अनंत अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा दान किया गया था।

अनंत अंबानी पिछले 15 वर्षों से विभिन्न पहलों के माध्यम से लालबागचा राजा समिति से जुड़े हुए हैं। उन्हें गणेशोत्सव के दौरान लालबागचा राजा के विभिन्न कार्यक्रमों में भी भाग लेते देखा गया है। इसके अलावा, वह हर साल गिरगांव चौपाटी बीच पर मूर्ति विसर्जन में शामिल होते हैं। रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से, अंबानी परिवार ने लालबागचा राजा समिति को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी पहलों में भी सहायता प्रदान की है।

कोविड महामारी के दौरान, लालबागचा राजा समिति को सामाजिक कार्यों के लिए धन की कमी का सामना करना पड़ा। अनंत अंबानी ने पहल की और समिति को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। अनंत अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन ने समिति के रोगी सहायता कोष के लिए 24 डायलिसिस मशीनें दान कीं। अनंत अंबानी को लालबागचा राजा समिति का



कार्यकारी सलाहकार भी नियुक्त किया गया है।

लालबागचा राजा या लालबाग के राजा भारत की वित्तीय राजधानी में सबसे अधिक देखा जाने वाला गणेश मंडल है। एक आम व्यक्ति से लेकर एक सेलिब्रिटी तक, लाखों मुंबईवासी प्रतिष्ठित मूर्ति की एक झलक पाने के लिए हर साल लालबाग की लंबी कतारों में खड़े होते हैं। 7 सितंबर से शुरू होने वाला गणपति उत्सव महाराष्ट्र में एक प्रमुख उत्सव है। गणेशोत्सव दस दिनों तक हर्षोल्लासपूर्ण उत्सवों, विस्तृत अनुष्ठानों और अन्य उत्सवों तक चलता है और भव्य विसर्जन के साथ समाप्त होता है, जहां मंत्रोच्चार और संगीत के बीच गणेश मूर्तियों को जल निकायों में विसर्जित किया जाता है।

# तेलंगाना में 9 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान

**हैदराबाद, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में कम दबाव वाले क्षेत्र के प्रभाव के चलते 9 सितंबर तक तेलंगाना के कई हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार दिनों के लिए कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, तटीय आंध्र प्रदेश और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में, उत्तरी आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तटों से दूर पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। अगले दो दिनों में इसके धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। आदिलाबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, वारंगल और हनमकोंडा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निजामाबाद, जगतियाल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीम नगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, महबुबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट, यदाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मल्काजगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेदक और कामारेड्डी जिले में अलग-



अलग स्थानों पर बिजली और तेज़ हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। शनिवार को जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, महबुबाबाद, वारंगल और हनमकोंडा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने रविवार के लिए जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, महबूबाबाद, वारंगल और हनमकोंडा जिलों में फिर से भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। सोमवार (9 सितंबर) को कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने और तेज हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस हफ्ते की शुरुआत में भारी बारिश और बाढ़ ने खम्मम, भद्राद्री कोठागुडेम, महबूबाबाद, सूर्यपेट, नलगोंडा और अन्य जिलों में कहर बरपाया, जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और फसलों, सड़कों, बिजली तथा संचार टावरों और सिंचाई टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा। मुन्नरू नदी के उफान पर होने के कारण खम्मम कस्बे के कई हिस्से भी बाढ़ की चपेट में आ गए। जलमग्न इलाकों में अभी भी सामान्य स्थिति बहाल नहीं हो पाई है। राज्य सरकार के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार भारी बारिश और बाढ़ से 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। राज्य सरकार ने केंद्र से बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और राज्य को तत्काल राहत के रूप में 2,000 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया है।

# 900वां करियर गोल दाग कर भावुक हुए फुटबॉलर रोनाल्डो

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया।

बैलन डीओर के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गुरुवार को क्रोएशिया के खिलाफ मैच में करियर गोल दागने के बाद भावुक हो गए। रोनाल्डो ने करियर का रिकॉर्ड 900वां गोल दागा जिससे उनकी टीम ने यूएफा नेशंस लीग के पहले मैच में क्रोएशिया को 2-1 से हरा दिया। रोनाल्डो ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब में अपने क्लब



## यूईएफए नेशंस लीगः पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया

अल-नस्त्र के लिए शानदार फ्री-किक पर गोल किया और इस उपलब्धि के नजदीक पहुंचे थे। गुरुवार रात को इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने माइलस्टोन हासिल करते हुए ऐसे जश्न मनाया, जैसे कि उन्होंने अपने करियर का पहला गोल किया हो। सऊदी अरब में क्लब फुटबॉल खेलने वाले रोनाल्डो ने एस्टाडियो डा लूज में खेले गए मैच के 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर गोल कर प्रोफेशनल फुटबॉल में इतिहास रच दिया। पुर्तगाल की जर्सी में यह उनका 131वां गोल रहा। गोल का जश्न मनाते हुए रोनाल्डो भावुक नजर आए। 900 में से उनके आधे गोल रियल मैड्रिड के लिए आए हैं। बाकी गोल उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच के अलावा स्पोर्टिंग लिस्बन, मैनचेस्टर यूनाइटेड, युवेंतस और मौजूदा क्लब अल नस्त्र के लिए किए हैं।

रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अपने माइलस्टोन को शेयर भी किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिससे यह प्रतीत होता है कि वह हाल-फिलहाल में संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। उन्होंने लिखा- मैंने इसका सपना देखा था, मेरे और भी कई सपने हैं। आप सभी का धन्यवाद! रोनाल्डो को विश्व के महानतम फुटबॉलर्स में से एक माना जाता है। उनके और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी के बीच मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर को लेकर बहस रहती है। हालांकि, मेसी ने 2022 में फीफा विश्व कप जीतकर कुछ हद तक इस बहस को आसान बना दिया था, लेकिन रोनाल्डो का क्लब करियर बेहद शानदार है। रोनाल्डो पहले से ही प्रोफेशनल फुटबॉल और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर मेसी हैं, जिन्होंने प्रोफेशनल फुटबॉल करियर में 838 गोल किए हैं।

मैच की बात करें तो रोनाल्डो के गोल से पहले डिओगो डालोट के गोल ने पुर्तगाल को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी। हालांकि, डालोट ने इसके बाद एक आत्मघाती गोल भी दागा, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल जीत हासिल करने में कामयाब रहा। दोनों टीमें नेशंस लीग के ग्रुप ए-1 में पोलैंड और स्कॉटलैंड के साथ हैं। पुर्तगाल रविवार को लिस्बन में स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा।

### संक्षिप्त समाचार

## पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने भारतीय रेलवे से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने निजी कारणों का हवाला देकर भारतीय रेलवे से शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया जबकि उनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हैं। विनेश ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय रेलवे की सेवा करना मेरे जीवन का यादगार और गर्व से भरा समय रहा। उन्होंने आगे लिखा, 'मैने रेलवे की सेवा से खुद को अलग करने का फैसला किया है और भारतीय रेलवे के संबंधित अधिकारियों को अपना इस्तीफा भेज दिया है। विनेश ने लिखा, 'मैं रेलवे द्वारा देश की सेवा करने का मौका दिए जाने के लिए सदैव भारतीय रेलवे परिवार की आभारी रहूंगी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में 50 किलो के स्वर्ण पदक के मुकाबले से ठीक पहले अयोग्य करार दिए जाने के कारण कुश्ती से संन्यास ले लिया था। उनकी अपील को खेल पंचाट ने खारिज कर दिया था।

## अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा क्योंकि हर जीत मायने रखती है : यशस्वी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का मानना है कि टीम को अगले कुछ महीनों में खेले जाने वाले 10 टेस्ट मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर जीत बहुत मायने रखती है। पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू पर जायसवाल ने शानदार 171 रन बनाए और इस साल इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया जिसमें विशाखापत्तनम और राजकोट में लगातार दोहरे शतक शामिल हैं।

वह सुनील गावस्कर के बाद द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में 700 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। जायसवाल ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हर मैच महत्वपूर्ण है। आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा क्योंकि हर जीत मायने रखती है। भारत के लिए खेलने का कोई भी अवसर अविश्वसनीय है, और देश का प्रतिनिधित्व करना मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। भारत अपने घरेलू सत्र की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर को चेन्नई में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगा।

बांग्लादेश रावलपिंडी में पाकिस्तान पर 2-0 की ऐतिहासिक सीरीज जीत हासिल करने के बाद आएगा। जायसवाल ने कहा, मुझे लगता है कि वे अच्छा खेल रहे हैं। उनके साथ मैच खेलना मजेदार होगा, टेस्ट मैच खेलना मजेदार है। मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। जायसवाल ने गुरुवार को बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के खेल में भारत बी के 321 के कुल स्कोर में 30 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आसानी से बदलाव करने में उनकी मदद करने वाली चीजों के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा, मैंने अपना फॉर्म बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है और इसे बनाए रखने के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा।



### यूएस ओपन

## सबालेंका यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप की विमेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, इटली की सारा ईरानी और एड्रिया वावसारी की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी।

न्यूयॉर्क में शुक्रवार को बेलारूसी स्टार सबालेंका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की एमा नवारो को सीधे सेट में 6-3, 7-6 से हराया। उनका सामना रविवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। छठी सीड जेसिका ने चेक रिपब्लिक की करोलिना मुचोवा को 3 सेट तक चले मुकाबले में 1-6, 6-4, 6-2 से हराया।

बेलारूसी स्टार सबालेंका सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की खिलाड़ी पर भारी पड़ीं। उन्होंने पहला सेट 6-3 से जीत लिया, हालांकि दूसरे सेट में अमेरिकी स्टार नवारो ने उन्हें फाइट दी। लेकिन सबालेंका ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरे सेट को टाई ब्रेकर तक ले गई।

उन्होंने इस सेट को 7-6 के अंतर से जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की छठी सीड खिलाड़ी जेसिका ने मुचोवा को 2 घंटे 12 मिनट चले मुकाबले में हराया। उन्होंने पहला सेट 1-6 से गंवाने के बाद 6-4, 6-2 की जबर्दस्त वापसी की। मेजबान देश की एमा नवारो ने सबालेंका को दूसरे सेट में कड़ी फाइट दी। मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में इटली और अमेरिका की जोड़ियों में कड़ी टक्कर देखने को मिली। इटैलियन जोड़ी ने फाइनल मुकाबले के दोनों सेट टाई ब्रेकर में जीते। सारा ईरानी और एड्रिसा वावसारी की तीसरी सीड जोड़ी ने डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी को 7-6, 7-5 से हराया।

## आईपीएल 2025 से पहले कुमार संगाकारा लेंगे गौतम गंभीर की जगह?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 से पहले सिर्फ टीमों में खिलाड़ियों के रूप में नहीं, बल्कि कोचिंग स्टाफ के रूप में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. जैसे मेगा ऑक्शन से पहले खिलाड़ी एक टीम से दूसरी टीम में जा सकते हैं, वैसे ही कोचिंग स्टाफ के सदस्य भी एक टीम से दूसरी टीम में शामिल हो सकते हैं.

अब खबर सामने आई कि राजस्थान रॉयल्स के टीम डायरेक्टर कुमार संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स में गौतम गंभीर की जगह ले सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, संगाकारा कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बनने की बातचीत में लगे हुए हैं. अगर संगाकारा केकेआर के मेंटॉर बनते हैं, तो वह गौतम गंभीर की जगह लेंगे. टीम इंडिया के हेड कोच बनने के बाद गंभीर को केकेआर का साथ छोड़ना पड़ा था. 2024 में गंभीर कोलकाता के मेंटॉर के रूप में नजर आए थे. अब 2025 में कुमार संगाकार केकेआर के मेंटॉर के रूप में दिख सकते हैं.

### 2024 में अच्छा रहा था राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन

रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया कि श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स से अपने रास्ते अलग करके दूसरी टीमों के ऑफर को देखना चाहते हैं. हालांकि अभी इस बात को लेकर किसी भी तरह की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या वाकई में ऐसा बदलाव होता है या नहीं.

आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था. टीम ने 14 में से 8 मैचों में जीत हासिल कर नंबर तीन की जगह हासिल की थी.

## IPL में 130 रुपये में भी नहीं बिकेगा

### यूट्यूबर ने पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम का उड़ाया मजाक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार जीत हासिल की, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट को एक बड़ा झटका लगा है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 2-0 से हराकर पहली बार टेस्ट सीरीज में घर में पराजित किया। इस हार ने पाकिस्तान की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट टेबल और आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण नुकसान किया है।

### सीरीज की हार और पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच यह टेस्ट सीरीज रावलपिंडी में खेली गई थी। पहले मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराया और दूसरे मैच में भी बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर सीरीज पर कब्जा जमाया। इस हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट की टीम और उनके प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व क्रिकेटर्स और क्रिकेट फैंस ने टीम की आलोचना की और हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया।

बाबर आजम पर यूट्यूबर की टिप्पणियां

इस सीरीज के दौरान पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। बाबर आजम, जो पाकिस्तान की बल्लेबाजी का मुख्य आधार हैं, इस सीरीज में बहुत ही खराब फॉर्म में दिखे। उनकी इस निराशाजनक प्रदर्शन के चलते सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।

एक पाकिस्तानी यूट्यूबर ने बाबर आजम की आलोचना करते हुए कहा, आईपीएल में तो कोई उन्हें 130 रुपये में भी नहीं खरीदेगा। यह टिप्पणी बाबर के हालिया प्रदर्शन पर तंज कसते हुए की गई थी। हालांकि, ध्यान देने वाली बात है कि फिलहाल आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर प्रतिबंध लगा हुआ है, जिससे बाबर आजम को आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिलता।

### पाकिस्तान के कप्तान की प्रतिक्रिया

पाकिस्तान टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, मैं पूरी तरह से हार की जिम्मेदारी लेता हूं और देश से माफी मांगता हूं। मसूद ने हार की जिम्मेदारी स्वीकार की, जबकि टीम की हार ने पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति पर सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान की बांग्लादेश के खिलाफ हार ने क्रिकेट प्रेमियों और विश्लेषकों का ध्यान आकर्षित किया है।

### सीपीएल- 2024, चौका 0, छक्के 11

## शिमरोन हेटमायर का टूटा कहर, शतक से चूके, दिल जीता



**गुयाना, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के तहत सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले में गुयाना अमेजन वॉरियर्स के शिमरोन हेटमायर ने तूफानी पारी खेलकर सबको हैरान कर दिया।

गुआना के लिए खेलते हुए हेटमायर ने सिर्फ 39 गेंदों पर 91 रन बनाए। उनकी पारी की खासियत यह रही कि उन्होंने पारी में एक भी चौका नहीं लगाया, उनके सारे शॉट छक्के (11) के रूप में सामने आए। यही नहीं, उक्त मैच में कुल 42 छक्के भी लगे। गुआना ने 23 तो सेंट किट्स के बल्लेबाजों ने 19 छक्के उड़ाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने शिमरोन हेटमायर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दो हिस्सों की पारी थी। शुरुआत में जब मैं और गुरबाज बल्लेबाजी कर रहे थे तो हम अच्छा खेल रहे थे। फिर गुरबाज़ और आज़म के आउट होने के बाद मुझे इसे थोड़ा पीछे खींचना पड़ा। थोड़ी सी थकान भी आ गई।

वहीं, पारी में कोई चौका न लगाने पर उन्होंने कहा कि नहीं, ऐसी कोई योजना नहीं थी। मैं कुछ अलग करने की बजाय सिर्फ गेंद को उसकी योग्यता के आधार पर खेलने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच गेंद हवा में रही।

जीत के बाद गुयाना अमेजन वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर ने कहा कि मेरे पास जो टीम है उससे मैं कुछ भी उम्मीद कर सकता हूं और यही मेरा विश्वास है। हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे लेकिन फिर मैंने पिच को देखा और उन्हें दबाव में लाने के लिए पहले बल्लेबाजी करने के बारे में सोचा। हेटमायर ने अविश्वसनीय पारी खेली। हम बहुत भाग्यशाली थे कि बोर्ड पर इतना अच्छा स्कोर था लेकिन बचाव करना भी एक कला है और खुशी है कि हम यह काम करने में सक्षम रहे।

### ऐसा रहा मुकाबला

आंद्रे फ्लेचर और शेरफेन रदरफोर्ड ने गुयाना अमेज़ॅन वॉरियर्स को थोड़ी देर के लिए डरा दिया जब 267 रन के टारगेट का पीछा करते हुए सेंट किट्स के यह बल्लेबाज चौकेछक्के बरसा रहे थे। इससे पहले गुरबाज़ और हेटमायर ने शानदार पारियां खेलकर वॉरियर्स को सीज़न के सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। गुरबाज ने 37 गेंदों पर 69, हेटमायर ने 91 तो कीमो पॉल ने 14 गेंदों पर 38 रन बनाकर स्कोर 266 तक पहुंचा दिया।

जवाब में खेलने उतरी सेंट किट्स की टीम 18 ओवर में 226 रन पर ऑलआऊट हो गई। फ्लेचर ने 33 गेंदों पर 9 छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। लेकिन गुयाना को अंत में 40 रनों से जीत हासिल हुई।

## भारत को ऑस्ट्रेलिया में हराना क्यों है मुश्किल

### मार्नस लाबुशेन ने बताई वजह



**मुंबई, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के तेज गेंदबाजों के कारण उसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलियाई हालात में हराना कठिन होगा। भारत ने 2014-15 में 1-2 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया को हर द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला में हराया है। भारत ने 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

लाबुशेन ने कहा, 'भारत के तेज गेंदबाज शानदार हैं जिसकी वजह से आस्ट्रेलियाई हालात में उन्हें हराना कठिन होगा। उन्होंने कहा, 'इस श्रृंखला को लेकर काफी अपेक्षाएं हैं। इन दोनों टीमों के बीच मुकाबले हमेशा कठिन होते हैं, चाहे वे जहां भी खेले जाएं। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय खिलाड़ियों को सुपरस्टार कहा और भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ मैदान पर प्रतिद्वंद्विता फिर शुरू होने की उम्मीद जताई। उ

न्होंने कहा, 'मैने अपने पूरे करियर में कहा है कि मैं सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना चाहता हूं। आप पूरी भारतीय टीम को देख लीजिये जिसमें सुपरस्टार भरे हैं। उन्होंने कहा, 'अश्विन और मैने एक ही समय पर पदार्पण किया था और कई श्रृंखलाओं में एक दूसरे के खिलाफ खेले हैं। मेरे मन में उनके लिए काफी सम्मान है। वह आफ स्पिन का महारती है और उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र 2023-25 में 68.52 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.50 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल अगले साल 11 से 15 जून को लार्ड्स पर खेला जाएगा।

## विक्रम राठौड़ अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**नोएडा, एजेंसी।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में 9 से 13 सितंबर तक अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए



न्यूजीलैंड की पुरुष टेस्ट टीम के बल्लेबाजी कोच नियुक्त किये गए हैं। 2012 में राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता बनने से पहले राठौड़ ने 90 के दशक के अंत में भारत के लिए छह टेस्ट खेले और हाल ही में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में मजबूत भारतीय बल्लेबाजी इकाई का नेतृत्व किया। न्यूजीलैंड ने एशिया में आगामी तीन टेस्ट मैचों के लिए श्रीलंकाई स्पिन उस्ताद रंगना हेराथ को स्पिन-गेंदबाजी कोच नियुक्त किया, उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर और कोच सकलैन मुश्ताक की जगह ली।

## संक्षिप्त समाचार

### पेरू में दर्दनाक हादसा, नाव पलटने से 6 लोगों की मौत



**लीमा, एजेंसी।** पेरू के पूर्व-मध्य क्षेत्र उकायाली से होकर बहने वाली नदी में नाव पलटने से कम से कम छह लोग डूब गए। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार की सुबह इस घटना में छह लोगों की मौत की पुष्टि की। पोर्ट कैप्टेंसी के प्रमुख जोनाथन नोवोआ के अनुसार सीआर नामक नाव मंगलवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2:30 बजे पुकाल्पा बंदरगाह से अटालाया शहर के लिए रवाना हुई थी, लेकिन बुधवार को लगभग 1:30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पेरू की सरकारी न्यूज एजेंसी एंडिना ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि संभवत: नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण नाव किसी वस्तु से टकरा गई। अधिकारियों के अनुसार, नाव में शिक्षकों और नाबालिगों सहित लगभग 48 लोग सवार थे। इस नाव में 68 यात्रियों को ले जाने की क्षमता थी और इसमें जीवन रक्षक जैकेट जैसी सभी सुरक्षा आवश्यकताएं पूरी की गई थीं। इससे पहले रविवार को उत्तरी पेरू के लोरेटो क्षेत्र में एक नाव के डूबने के कारण एक नाबालिग सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई थी।

### कांगो पहुंची एमपॉक्स टीकों की पहली खेप

**किंशासा, एजेंसी।** वैश्विक स्वास्थ्य संकट के केंद्र कांगो में एमपॉक्स टीकों की 99,100 खुराक की पहली खेप पहुंचाई गई। शनिवार तक कुल 200,000 खुराक पहुंचेगी। कांगो के स्वास्थ्य मंत्री रोजर कम्बा ने गुरुवार को किंशासा के एनडिजिली हवाई अड्डे पर कहा, आज हमें टीके की 99,100 खुराक मिली है और बाकी शनिवार को मिलेंगी। उन्होंने वायरस पर जल्द काबू पाने का दावा किया। खासकर सबसे अधिक प्रभावित दक्षिण किवु और इक्वेटर जैसे प्रांत में वायरस को खत्म करने की बात कही। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, फ्रयह वयस्कों के लिए उपलब्ध सबसे पहले टीके हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) सबसे अधिक प्रभावित प्रांतों में टीकाकरण अभियान का प्रभारी होगा, हालांकि उन्होंने लॉन्च की तारीख नहीं बताई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, कांगो स्वास्थ्य मंत्रालय इस सप्ताह के अंत में टीके लगाना शुरू करने की योजना बना रहा है। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि फ्र सिर्फ टीका महामारी को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं होंगें। उन्होंने हितधारकों से निगरानी, जोखिम संचार, सामुदायिक जुड़ाव, नैदानिक और घरेलू देखभाल के समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया। यूनिसेफ के पिछले रविवार को जारी एक बयान के अनुसार कांगो जिसने 2022 के अंत में एमपॉक्स को राष्ट्रीय महामारी घोषित की थी, उसने 2024 की शुरुआत से 629 मौतों समेत 18,000 से अधिक संदिग्ध मामलों की सूचना दी है, पांच लोगों की मौत हो गई थी जिसमें चार बच्चे थे। डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स, जिसे पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था। उसे अगस्त के मध्य में वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था।

### बराक ओबामा के भाई ने ट्रंप का किया समर्थन, पूर्व राष्ट्रपति पर लगाए स्वार्थी होने के आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के चचेरे भाई एबोंगो मलिक ओबामा ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने का एलान किया है। मलिक ओबामा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि मैं मलिक ओबामा, मैं रिपब्लिकन पार्टी का पंजीकृत मतदाता हूं और मैं डोनाल्ड ट्रंप को वोट करूंगा। बराक ओबामा के चचेरे भाई मलिक ओबामा ने जो बाइडन और हिलेरी क्लिंटन के समय भी डोनाल्ड ट्रंप का ही समर्थन किया था। अमेरिकी मीडिया से बात करते हुए मलिक ओबामा ने कहा कि वह ट्रंप को इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि वे दिल से बोलते हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन एक कमाल का नारा है और मैं उनसे (ट्रंप) मिलना चाहूंगा। मलिक ओबामा ने पूर्व राष्ट्रपति और अपने चचेरे भाई बराक ओबामा की भी आलोचना की और उन्हें स्वार्थी बताया। मलिक ओबामा पेशे से एक अकाउंटेंट हैं और बराक ओबामा की शादी में वह ओबामा के बेस्ट मैन बने थे। जब बराक ओबामा राष्ट्रपति थे, तो वे व्हाइट हाउस भी गए। हालांकि बाद में दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई। साल 2022 में एक सोशल मीडिया पोस्ट में मलिक ओबामा ने लिखा कि मैं बराक ओबामा के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उनके साथ रहा, लेकिन बाद में मुझे अहसास हुआ कि वह स्वार्थी हैं। मलिक ओबामा ने पूर्व में बराक ओबामा पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जिनमें से एक आरोप में मलिक ने दावा किया था कि बराक ओबामा का जन्म अमेरिका में नहीं हुआ था बल्कि वह केन्या के नागरिक थे। अपने दावे के पक्ष में मलिक ओबामा ने ओबामा के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र भी पेश किए थे। मलिक ओबामा अक्सर सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी विचारों को लेकर पोस्ट करते रहते हैं और समलैंगिक विवाह और गर्भपात की आलोचना करते रहे हैं।

# मोहम्मद यूनुस बोले- हसीना भारत में रहकर चुप रहें : राजनीतिक बयानबाजी न करें



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में रहकर राजनीतिक बयानबाजी नहीं चाहिए। यूनुस ने कहा कि वो हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करेंगे लेकिन तब तक हसीना को चुप रहना चाहिए। जिससे कि दोनों देशों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। यूनुस ने कहा कि हमने भारत के सामने अपना रूख साफ कर दिया है। अगर भारत शेख हसीना को प्रत्यर्पण की मांग तक अपने पास रखना चाहता है तो हसीना को चुप रहना होगा। हसीना पिछले एक महीने से भारत में रह रही हैं। उन्हें 5 जून के बाद शुरु हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद 5 अगस्त को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हसीना को वापस लाकर उन पर मुकदमा चलाएंगे यूनुस ने शेख हसीना को वापस लाकर उन पर मुकदमा चलाने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि हसीना के भारत में रहने से कोई भी सहज नहीं है। यूनुस ने कहा कि अगर हसीना चुप रहतीं, तो हम इसे भूल जाते, लोग भी भूल जाते क्योंकि वह अपनी दुनिया में होतीं। लेकिन वह भारत में बैठकर बयानबाजी कर रही हैं, निर्देश दे रही हैं, यह किसी को पसंद नहीं है। दरअसल यूनुस शेख हसीना के 13 अगस्त को दिए उस बयान की ओर इशारा कर रहे थे जिसमें हसीना ने पिछले महीने बांग्लादेश में हुई हत्याओं और हिंसा को आंतकी घटना करार देते हुए उनमें शामिल लोगों की पहचान और जांच की मांग की थी। साथ ही हसीना ने अपने लिए न्याय की मांग करते हुए अपराधियों को सजा देने के लिए कहा था। पीटीआई से बात करते हुए यूनुस ने इस तरह के बयान को भारत और बांग्लादेश दोनों के लिए अच्छा नहीं बताया है। 'हसीना के बिना अफगानिस्तान नहीं बन जाएगा बांग्लादेश' इंटरव्यू में यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ अपने मजबूत संबंधों को महत्व देता है। लेकिन भारत को इस धारणा से आगे बढ़ना होगा जिसमें वो शेख हसीना की आवामी लीग के अलावा दूसरी पार्टियों को इस्लामिक पार्टियों के तौर पर देखता है। यूनुस के मुताबिक ऐसा नहीं है कि शेख हसीना की आवामी लीग पार्टी के अलावा किसी दूसरी पार्टी की सरकार में बांग्लादेश, अफगानिस्तान बन जाएगा। यूनुस ने हसीना के देश छोड़ने को लेकर कहा कि वो किसी साधारण वजह से नहीं भागी हैं। उन्हें जनता के विद्रोह और आक्रोश के बाद देश से भागना पड़ा। यूनुस ने कहा कि जिन लोगों पर अत्याचार हुए हैं, सरकार उन्हें न्याय अवश्य दिलाएगी। 'अल्पसंख्यकों पर हमले सिर्फ एक बहाना' बांग्लादेश में हिंसा के दौरान अल्पसंख्यको और खासतौर पर हिंदुओं पर हुए हमलों को लेकर यूनुस ने कहा कि 'ये सिर्फ एक बहाना है। अल्पसंख्कों पर हमलों को बड़ा दिखाने की कोशिश हो रही है।' हसीना के देश छोड़ने के बाद भड़की हिंसा में हिंदुओं के साथ हिंसा, दुकानों और संपत्तियों की तोड़फोड़ और मंदिरों पर हमले की घटनाएं सामने आई थी। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने भी 15 अगस्त को लाल किले से दिए भाषण में बांग्लादेश में अल्पसंख्यको और खासतौर पर हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता जाहिर की थी। इसके बाद मोहम्मद यूनुस ने पीएम मोदी से फोन पर बात की थी। जिसमें उन्होंने बांग्लादेश में रह रहें हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भरोसा दिया था। भारत और बांग्लादेश के संबंध कमजोर स्थिति में यूनुस ने भारत और बांग्लादेश संबंधों के सवाल पर कहा कि वर्तमान में द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति कमजोर है। यूनुस ने कहा कि इसे सुधारने के लिए दोनों देशों को मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके अलावा यूनुस ने भारत और बांग्लादेश देश के बीच ट्रांजिट एग्रीमेंट और अडानी के साथ इलेक्ट्रिसिटी डील पर बात करते हुए कहा कि इन पर विचार करने की मांग चल रही है। हर कोई कह रहा है कि इसकी जरूरत है। यूनुस ने कहा कि हम देखेंगे कि कागज पर क्या है और वास्तविकता में क्या चल रहा है। यदि आवश्यकता है तो हम इससे जुड़े सवाल उठाएंगे। वहीं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी कह चुकी है कि अगर वो सत्ता में आती है तो अडानी के साथ डील की समीक्षा करेगी।

### विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दिए राजनीति से दूरी के संकेत, बोले- बच्चों के साथ वक्त बिताना चाहता हूं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने संकेत दिए हैं कि वह राजनीति से दूरी बना सकते हैं।



दरअसल उन्होंने कहा है कि वह अपने बच्चों के साथ समय बिताना चाहते हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि एंटनी ब्लिंकन अगली सरकार में विदेश मंत्री का पद न संभालें। गौरतलब है कि पिछले एक साल में एंटनी ब्लिंकन की व्यस्तता काफी बढ़ गई है। खासकर इस्राइल-हमास युद्ध के बाद से ब्लिंकन ने नौ बार पश्चिम एशिया का दौरा किया है।

हैती दौरे पर दिए राजनीति से दूरी के संकेत

ब्लिंकन हैती के दौरे पर हैं। बीते एक दशक में हैती दौरे पर आने वाले ब्लिकंन पहले अमेरिकी विदेश मंत्री हैं। वहां पत्रकारों से बात करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि जहां तक मेरे भविष्य की बात है तो मैंने पिछला हफ्ता अपने बच्चों के साथ बिताया था और मैं भविष्य में उनके साथ और ज्यादा वक्त बिताना पसंद करूंगा। एंटनी ब्लिंकन के दो बच्चे हैं। एंटनी ब्लिंकन को जो बाइडन का करीबी माना जाता है और जो बाइडन के सीनेटर रहने, उपराष्ट्रपति रहने और अब राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान भी ब्लिंकन के साथ काम कर रहे हैं। अब बाइडन अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। ऐसे में ब्लिकंन भी राजनीति से दूरी बना सकते हैं।

गौरतलब है कि अमेरिका में किसी विदेश मंत्री का चुनाव के बाद भी पद पर बने रहना बहुत ही असामान्य बात है। आखिरी बार जॉर्ज शुल्ज ने लगातार दो कार्यकाल विदेश मंत्री का पद संभाला था। ऐसा कहा जाता है कि ब्लिंकन जितने बाइडन के करीबी हैं, उतने वे कमला हैरिस के करीबी नहीं हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि ब्लिंकन अगली सरकार में विदेश मंत्री पद पर नहीं रहेंगे। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से कमला हैरिस राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं, जबकि रिपब्लकिन पार्टी की तरफ से डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की रेस में हैं।

### चीन ने अपने बच्चों को विदेशियों को गोद देने पर लगाई रोक

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन सरकार अब देश के बच्चों को विदेशियों को गोद लेने की अनुमति नहीं दे रही है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि एकमात्र अपवाद किसी बच्चे या सौतेले बच्चे को गोद लेने वाले रक्त संबंधियों के लिए होगा। उन्होंने निर्णय की व्याख्या नहीं की और सिर्फ इतना कहा कि यह प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय संधियों की भावना के अनुरूप है। दशकों से अनेक विदेशियों ने चीन से बच्चों को गोद लिया है। वे उन्हें लेने के लिए देश का दौरा करते हैं और फिर उन्हें विदेश में एक नए घर में ले जाते हैं। चीन ने कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय दत्तक ग्रहण को निलंबित कर दिया।

अमेरिकी विदेश विभाग ने दत्तक ग्रहण संबंधी अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चीन सरकार ने बाद में उन बच्चों से संबंधित दत्तक ग्रहण फिर शुरू कर दिया, जिन्हें 2020 में निलंबन से पहले यात्रा मंजूरी प्राप्त हुई थी। विदेश विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 तक 12 महीनों में चीन से बच्चे गोद लेने के लिए 16 वीजा जारी किए। यह स्पष्ट नहीं है कि तब से कोई और वीजा जारी किया गया है या नहीं।

## इजरायली सेना ने पश्चिमी तट पर 6 फिलिस्तीनियों को मार गिराया

**रामल्लाह, एजेंसी।** इजरायली बलों ने पश्चिमी तट के शहर तुबास में छह फिलिस्तीनियों को मार गिराया। इसकी जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा विभाग ने दी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि टुबास में उनके वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए। टुबास उत्तर-पश्चिमी वेस्ट बैंक में स्थित है।

फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने बताया कि टुबास के दक्षिण में फारा शिविर में इजरायली सेना ने छठे व्यक्ति को गोली मार दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, पीड़ित तक पहुंचने में सेना को घंटों लग गए। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने गुरुवार की सुबह फारा कैंप में ड्रोन हमला किया और टुबास में तीन और हमले किए। आईडीएफ ने कहा कि इन हमलों का लक्ष्य फिलिस्तीनी बंदूकधारी थे जो छापे के दौरान सैनिकों पर गोलीबारी कर रहे थे और विस्फोटक फेंक रहे थे। तुबास के गवर्नर अहमद अल-असद ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली छापों से फारा शिविर में बुनियादी ढांचे और सेवाओं को व्यापक क्षति पहुंची है।

जेनिन में इजरायली सेना ने लगातार नौवें दिन भी अभियान जारी रखा। मेयर निदाल ओबेदी ने कहा कि जारी हमलों ने स्थानीय बुनियादी ढांचे को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया है, जिसकी पूरी सीमा का अभी आकलन किया जाना बाकी है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 28 अगस्त से पश्चिमी तट पर इजरायली सैन्य अभियानों के परिणामस्वरूप 39 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 145 घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से पश्चिमी तट पर 691 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।




स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को तड़के इजरायली सेना शहर के बुनियादी ढांचे को हुए भारी नुकसान के बीच तुलकारेम और उसके शरणार्थी शिविर से वापस चली गई।

इजरायल द्वारा गाजा पट्टी पर किए जा रहे हमले के कारण पश्चिमी तट पर तनाव चरम पर है। पिछले वर्ष 7 अक्टूबर से अब तक 40,800 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। हमलों में तेजी की एक और वजह 19 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के ऐतिहासिक राय भी है, जिसमें इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी भूमि पर दशकों से किए जा रहे कब्जे को गैरकानूनी घोषित किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने पश्चिमी तट तथा पूर्वी यरुशलम में सभी बस्तियों को खाली करने की मांग भी रखी थी।

## यूक्रेन ने नियुक्त किया नया विदेश मंत्री

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेनी संसद ने दिमित्रो कुलेबा की जगह एंड्री सिबिहा को देश का नया विदेश मंत्री नियुक्त करने के लिए मतदान किया है। लॉ मेकर ओलेक्सी होन्चारेंको ने इसकी जानकारी दी। होन्चारेंको ने गुरुवार को टेलीग्राम पर कहा कि सिबिहा ने उपस्थित 315 सांसदों में से 258 का समर्थन हासिल किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले गुरुवार को संसद ने कुलेबा को बर्खास्त करने के लिए मतदान किया, जिन्होंने बुधवार को अपना इस्तीफा दे दिया था।



49 वर्षीय साइबिहा ने पहले राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख के रूप में कार्य किया था और अप्रैल में कुलेबा के डिप्टी बने। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ युद्ध के अहम मोड़ पर हो रहे फेरबदल के बारे में कहा है कि देश को ÷नई ऊर्जा÷ की जरूरत है।

सिबिहा, एक डिप्लोमैट रहे हैं और इन्होंने जेलेंस्की के कार्यालय में कई सालों तक काम किया। वह गुरुवार को नियुक्त किए जाने वाले 8 नए मंत्रियों में से एक हैं। आलोचकों ने कहा है कि यह फेरबदल राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक के साथ संबद्ध जेलेंस्की के वफादारों के एक छोटे समूह द्वारा सत्ता पर काबिज होने की कोशिश है। तुर्की में पूर्व राजदूत सिबिहा ने यरमैक के डिप्टी के रूप में भी काम किया था। इसके साथ ही युद्ध के दौरान यूक्रेन की रेलवे को चालू रखने का काम करने वाले लोकप्रिय व्यक्ति अलेक्जेंडर कामिशिन को भी सामरिक उद्योग मंत्रालय से राष्ट्रपति कार्यालय में स्थानांतरित किया जा रहा है। यूक्रेन पर रूसी हमलों के बीच बड़े स्तर पर हो रहे फेरबदल को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। ये नियुक्तियां तब हुई हैं जब जेलेंस्की इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा करने की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने बार-बार सहयोगियों से उन प्रतिबंधों को हटाने का आह्वान किया है जो कीव को रूस में लंबी दूरी के हमलों के लिए पश्चिमी हथियारों का उपयोग करने से प्रतिबंधित करते हैं। रूसी सेनाएं पूर्व में आगे बढ़ रही हैं और उन्होंने कीव और अग्रिम पंक्ति से दूर अन्य यूक्रेनी शहरों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के अपने अभियान को तेज कर दिया है। आरोप है कि बिजली क्षेत्र और अन्य बुनियादी ढांचे पर रूस की ओर से लगभग रोज हमले हो रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि कुर्स्क के रूसी क्षेत्र में यूक्रेन की घुसपैठ नाकाम रही है बल्कि यूक्रेन की अग्रिम पंक्ति ही कमजोर साबित हुई है। रूस के इस दावे का प्रतिवाद नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने किया, जिन्होंने ओस्लो में संवाददाताओं से कहा कि यूक्रेन ने अपने कुर्स्क आक्रमण में बहुत कुछ हासिल किया है। पुतिन ने व्लादिवोस्तोक में ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में कहा कि रूसी सेना धीरे-धीरे यूक्रेनी सैनिकों को कुर्स्क से बाहर धकेल रही थी, जहां 6 अगस्त को यूक्रेन ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद रूस पर सबसे बड़ा विदेशी आक्रमण किया गया था।

## राष्ट्रपति चुनाव में राजपक्षे को समर्थन देने पर चार मंत्री बर्खास्त, विक्रमसिंघे ने की कार्रवाई

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने गुरुवार को अपनी सरकार के चार जूनियर मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया। मंत्रियों के खिलाफ 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति पद के निर्दलीय उम्मीदवार राजपक्षे का समर्थन करने पर यह कार्रवाई की। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने बंदरगाह और विमानन सेवा राज्य मंत्री प्रेमलाल जयशेखर, बिजली और ऊर्जा राज्य मंत्री इंडिका अनुरुद्ध, कृषि राज्य मंत्री मोहन प्रियदर्शन डी सिल्वा और राजमार्ग राज्य मंत्री सिरिपाला गमलाथ को बर्खास्त किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 47 (3) द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार के तहत लिया गया। बर्खास्त किए गए मंत्रियों ने श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार नमल राजपक्षे को समर्थन देने की घोषणा की थी। राजपक्षे ने 75 वर्षीय विक्रमसिंघे से समर्थन वापस ले लिया। मंत्रियों को बर्खास्त करने का निर्णय प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्धने की अध्यक्षता में एक महागठबंधन पीपुल्स यूनाइटेड फ्रीडम अलायंस के गठन के बाद आया। इसमें 25 से अधिक राजनीतिक दल शामिल हैं, जो राष्ट्रपति चुनाव में विक्रमसिंघे का समर्थन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्धने ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के बाद होने वाले संसदीय चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन बनाया गया है। विक्रमसिंघे, जिन्होंने 2022 में अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के शेष कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद संभाला था, को एसएलपीपी ने संसद में बहुमत वोट द्वारा स्टॉप-गैप राष्ट्रपति बनाया था। श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) के कई युवा सदस्यों ने दिवालिया अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में विक्रमसिंघे की काम में मदद की। इन्होंने भी देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए राष्ट्रपति का समर्थन करने का फैसला किया। एसएलपीपी ने भी राजपक्षे की उम्मीदवारी पर विक्रमसिंघे का समर्थन करने वाले सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का फैसला लिया है।



## अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर ने स्वीकार किया अपराध; संघीय कर मामले में अदालत ने माना है दोषी

**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन ने संघीय कर मामले में आरोपों को स्वीकार कर लिया है। हंटर का यह निर्णय बृहस्पतिवार को तब आया, जब संघीय कर मामले में जूरी चयन शुरू होने वाला था, जिसमें उन पर करों में कम से कम 1.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने में विफल रहने का आरोप लगाया गया था। आरोपों में 17 साल तक की सजा का प्रावधान है, लेकिन संघीय सजा दिशा-निर्देशों के तहत बहुत कम सजा की मांग की जा सकती है। सजा पर 16 दिसंबर की तारीख तय की गई है।

हंटर को अवैध रूप से हथियार खरीदने और नशीली दवाओं के उपयोग को लेकर झूठ बोलने के मामलों में जून में दोषी ठहराया गया था। कर परीक्षण में संभावित रूप से अधिक झूठे सबूतों के साथ-साथ हंटर के विदेशी व्यापार सौदों के बारे में विवरण प्रदर्शित होने की उम्मीद थी, जिसे रिपब्लिकन ने बाइडन परिवार को भ्रष्ट के रूप में चित्रित करने की कोशिश की।

हालांकि राष्ट्रपति बाइडन के 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से बाहर होने के फैसले ने कर मामले के संभावित राजनीतिक निहितार्थों को कम कर दिया, लेकिन यह उम्मीद की गई थी कि मुकदमे से राष्ट्रपति को उनके पांच दशक के राजनीतिक करियर के अंतिम महीनों में भारी भावनात्मक नुकसान उठाना पड़ेगा। हंटर द्वारा अपनी याचिका दायर करने से पहले बचाव पक्ष के वकील एब्बे लोवेल ने न्यायाधीश से कहा, बहुत हो गया। सार्वजनिक और निजी हित के कारण, बाइडन आज आगे बढ़ने और इसे समाप्त करने के लिए तैयार हैं। स्ट्रिपर्स, लक्जरी



होटल और विदेशी जैसी चीजों पर बेतहाशा खर्च करते हुए करों से बचने के लिए चार साल की योजना का आरोप लगाने वाले मामले की सुनवाई के लिए पैनल चुनने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए 100 से अधिक संभावित जूरी सदस्यों को लॉस एंजिल्स के कोर्टहाउस में लाया गया था। अभियोजक तब हैरान रह गए जब हंटर के वकील ने बृहस्पतिवार सुबह न्यायाधीश को बताया कि हंटर एक अल्फोर्ड याचिका में प्रवेश करना चाहता था, जिसके तहत एक प्रतिवादी अपनी बेगुनाही बरकरार रखता है लेकिन स्वीकार करता है कि अभियोजकों के पास सजा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने ऐसी याचिका पर आपत्ति जताई और न्यायाधीश से कहा कि हंटर विशेष शर्तों पर दोष स्वीकार करने के हकदार नहीं हैं जो केवल उन पर लागू होती हैं। हंटर बाइडन अपनी पत्नी मेलिसा कोहेन बाइडन का हाथ पकड़कर अदालत कक्ष में चले गए और उनके साथ सीक्रेट सर्विस के एजेंट भी मौजूद थे। प्रारंभ में, उन्होंने अपने 2016 से 2019 के करों से संबंधित आरोपों के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया और उनके वकीलों ने संकेत दिया था कि वे तर्क देंगे कि उन्होंने जानबूझकर या कानून तोड़ने के इरादे से काम नहीं किया। बृहस्पतिवार को अपनी याचिका बदलने का हंटर बाइडन का निर्णय न्यायाधीश द्वारा बचाव पक्ष के लिए कुछ प्रतिकूल प्री-ट्रायल फैसले जारी करने के बाद आया, जिसमें नशे की लत के बारे में गवाही देने के लिए प्रस्तावित रक्षा विशेषज्ञ को अस्वीकार करना भी शामिल था।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, शनिवार 07 सितम्बर 2024 

**उप मुख्यमंत्री अल्प प्रवास पर प्रातः मैहर पहुंचे। उप मुख्यमंत्री ने त्रिकूट पर्वत पर बिराजी माँ शारदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के कल्याण समृद्धि और खुशहाली के लिए माँ शारदा से कामना की।**




# सर्किल कोर्ट में राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने रायपुर कर्चुलियान तहसील अन्तर्गत संचालित सर्किल कोर्ट का किया निरीक्षण

**रीवा।** जिले में प्रत्येक गुरूवार एवं शुक्रवार को नायब तहसीलदार संबंधित सर्किल कोर्ट में बैठकर प्रकरणों की सुनवाई करते हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रायपुर कर्चुलियान तहसील अन्तर्गत पहड़िया वृत्त के पंचायत भवन जिउला में संचालित सर्किल कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करें। रास्तों के विवाद निराकृत करते हुए सीमांकन एवं नामांतरण के प्रकरणों को निराकृत करें। उन्होंने वास स्थान दखल तथा नक्शा तरमीम के कार्यों को प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमि को रिक्त कराएं ताकि वहाँ परिसम्पत्तियों का निर्माण हो सके। कलेक्टर ने कहा कि सर्किल कोर्ट में सुनवाई का समय उल्लेखित करें तथा इसकी सूचना के लिए नोटिस बोर्ड में सूचना प्रकाशित करें तथा मुनादी कराकर भी स्थान का उल्लेख करते हुए दिन व समय की घोषणा करवाएं। कलेक्टर ने इस दौरान राजस्व प्रकरणों की फाइलों का अवलोकन किया तथा अत्यजन के प्रकरणों के लंबित रहने पर कोष्टा हल्का के पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित जन समुदाय से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी दी तथा राजस्व अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सर्किल कोर्ट संबंधित क्षेत्र की राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण का अच्छा माध्यम है। इसमें पक्षकार भी आगे आकर अपनी समस्याओं का मौके पर निराकरण करा सकते हैं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि सर्किल कोर्ट के दिवसों में संबंधित वृत्त का भ्रमण करें तथा इनके नियमित संचालन की जानकारी भी प्रेषित करें। कलेक्टर ने मनिकवार वृत्त के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर्ड प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पटवारी के प्रतिवेदन विलम्ब से देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नायब तहसीलदार मनिकवार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि स्वामियों से अपेक्षा की कि वह अपने भू नक्शों का तरमीम अवश्य कराएं तथा ई केवाईसी भी कराएं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय उचित मूल्य दुकान रामनई का निरीक्षण किया तथा राशन कार्डधारी हितग्राहियों के राशन कार्ड देखे तथा उनसे समय पर खाद्यान्न प्राप्त होने के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न के स्टॉक का सत्यापन भी संबंधित अधिकारियों से कराया।



छात्रावासों का किया निरीक्षण - रायपुर कर्चुलियान तहसील अन्तर्गत अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास रायपुर कर्चुलियान का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से भोजन, नाश्ता समय पर मिलने के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उसकी गुणवत्ता के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने भोजन निर्माण कक्ष का भ्रमण किया तथा छात्रावास में बालिकाओं को दिए जाने वाले खाद्य सामग्री की गुणवत्ता भी परखी। कलेक्टर ने बालक छात्रावास मनिकवार का निरीक्षण कर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास परिसर में जर्जर भवन न गिराए जाने पर सीईओ जनपद रायपुर को नोटिस देने के निर्देश दिए तथा जर्जर भवनों को तत्काल गिराए जाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

# उप मुख्यमंत्री ने मनकामेश्वर शिव मंदिर जीर्णोद्धार का किया भूमिपूजन

## शिव मंदिर के विस्तार से भक्तों को दर्शन में होगी सहूलियत : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** शहर के हृदय स्थल कोठी कम्पाउण्ड में मनकामेश्वर प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। इस मंदिर में हजारों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। जन सहयोग से मंदिर के जीर्णोद्धार और विस्तार का कार्य शुरू किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मनकामेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मनकामेश्वर शिव मंदिर के विस्तार से इसे नया स्वरूप मिलेगा। यहाँ भव्य मंदिर बनाया जाएगा। शिव मंदिर के विस्तार से भक्तों को दर्शन में सहूलियत होगी। भक्तों को ध्यान में रखकर विभिन्न सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। निर्माण एजेंसी निर्धारित ड्राइंग डिजाइन के अनुसार मंदिर के विस्तार का कार्य



तेजी से कराए। उप मुख्यमंत्री ने मंदिर निर्माण में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने कष्टहरनाथ भगवान के दर्शन किए

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गुढ़ स्थित कष्टहरनाथ शिव मंदिर में भगवान के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना की। श्री शुक्ल ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सौन्दर्यीकरण कार्य, सोलर लाइट लगाए जाने तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# रोगी की तीन नसों में था ब्लॉकेज, ऑपरेशन कर बचाई जान

**रीवा।** सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा विन्ध्य में जटिल रोगों के सफलतापूर्वक उपचार का केन्द्र बनता जा रहा है। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में कई गंभीर रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। हास्पिटल में गत दिवस हृदय रोग से पीड़ित 66 वर्षीय वृद्ध उपचार के लिए भर्ती किया गया। एन्जियोग्राफी कार्डियोलाजी विभाग में डॉ व्हीडी त्रिपाठी ने रोगी की जाँच की। जाँच में रोगी की हृदय की तीन नसों में ब्लॉकेज पाया गया। अधीक्षक अजय श्रीवास्तव ने बताया कि यदि इन ब्लॉकेज को



समय पर नहीं खोला जाता तो रोगी की जान जा सकती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हृदय रोगी को तत्काल सीटीव्हीएस विभाग में रेफर किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ अविजीत सिंह ने तत्काल रोगी का उपचार शुरू किया। विभिन्न डॉक्टरों के सहयोग से तथा हार्ट लंग मशीन का उपयोग करके रोगी की जान बचाई गई। लगभग एक घण्टे चले सफल ऑपरेशन के बाद रोगी को राहत मिली। उसे गहन सुरक्षा कक्ष में भर्ती करके उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी की गई। समय पर उपचार सुविधा मिलने तथा तत्काल ऑपरेशन होने से हृदय रोगी की जान बच गई। इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने में मुख्य सर्जन डॉ आशीष खनीजो, डॉ सचिन, डॉ धीरज, डॉ सुरभि, डॉ कुशल हजेला तथा डॉ राजीव द्विवेदी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### कंदैला समूह नलजल योजना से 2.60 लाख का जल कर प्राप्त

**रीवा।** जल जीवन मिशन के तहत कंदैला समूह नलजल योजना से 109 गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जानी है। नलजल योजना का कार्य लगभग पूरा हो गया है। कंदैला समूह नलजल योजना से 94 गांवों में पेयजल की पूर्ण और आंशिक आपूर्ति की जा रही है। इस संबंध में जिला प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि कंदैला समूह नलजल योजना में विभिन्न गांवों से अब तक दो लाख 60 हजार 900 रुपए का जल कर प्राप्त हुआ है।

# नेशनल लोक अदालत में होगा बिजली समस्याओं का निराकरण

**रीवा।** विद्युत अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 14 सिंतबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में निम्नदाब श्रेणी के घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोबाट भार तक के गैर धरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जायेगी। अधीक्षण अभियंता से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चकवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। इसी प्रकार लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चकवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

इस छूट से आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष देय आंकलित सिविल दायित्व की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। उपभोक्ता/उपयोगकर्ता की विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरुद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा। आवेदक के नाम पर कोई विधिक संयोजन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा विधिक संयोजन प्राप्त करना एव पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरुद्ध बकाया राशि यदि कोई हो का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत्त चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे।

# रीवा में रंग प्रयोग नाट्य समारोह 11 से 15 सितम्बर तक

## कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में पाँच दिवसीय रंग नाट्य समारोह 11 सितम्बर से

**रीवा।** नाटक मनोरंजन की परंपरागत और प्राचीन कला है। नाट्य कला के विविध आयाम हैं। रीवा में रंगकर्म को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से पाँच दिवसीय रंग प्रयोग नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रंग समारोह कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में 11 से 15 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवधि में प्रतिदिन शाम 7 बजे से विभिन्न




नाटकों का कुशल कलाकारों और निर्देशकों द्वारा मंचन किया जाएगा।

रंग प्रयोग नाट्य समारोह का शुभारंभ 11 सितम्बर को होगा। इस दिन दिल्ली के अजय कुमार के निर्देशन में नाटक रिजक की मर्यादा का मंचन किया जाएगा। समारोह के दूसरे दिन 12 सितम्बर को पुणे के प्रसिद्ध नाट्य निदेशक विद्यानिधि वनारसे के निर्देशन में नाटक सुहाने अफसाने का मंचन किया जाएगा। तीसरे दिन 13 सितम्बर को मुम्बई के रंग कला निदेशक रंजीत कुमार के निर्देशन में नाटक रान्ग टर्न का मंचन होगा। समारोह में चौथे दिन 14 सितम्बर को टीकम जोशी के निर्देशन में पुनश्च कृष्ण नाट्य प्रस्तुति मंचित होगी। समारोह के अंतिम दिन 15 सितम्बर को टीकम जोशी के ही निर्देशन में आदि विक्रमादित्य नाटक का मंचन किया जाएगा।

### आधार सेवा केन्द्र के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** मऊगंज जिले में विभिन्न 9 शासकीय स्थलों पर आधार सेवा केन्द्र संचालित करने के लिए 9 सितम्बर तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर मऊगंज अशोक ओहरी ने बताया कि आवेदन करने के लिए जनवरी 2023 के बाद एनएसईआईटी पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र 9 सितम्बर को शाम 6 बजे तक जिला ई गवर्नेंस समिति कार्यालय मऊगंज में प्राप्त किए जाएंगे।

# केन्द्रीय कारागार का निरीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान द्वारा केन्द्रीय कारागार रीवा का गत दिवस निरीक्षण किया गया। उन्होंने कारागार के प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा जेल की साफ-सफाई, भोजन, चिकित्सा सुविधा इत्यादि का अवलोकन कर जेल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। केन्द्रीय कारागार में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुये उन्होंने कहा कि जेल में बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार उनको मूलभूत सुविधाये प्रदान किया जाना जेल प्रशासन का कर्तव्य है। क्योकि जेल में बंदियों के मानवाधिकार है जिनकी पूर्ति आवश्यक है। उन्होने कहा कि भारतीय संविधान के अन्तर्गत बंदियों को भी प्राण एवं दैहित स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है जिसका उलंघन नही होना चाहिये। उन्होने कहा कि संविधान में अनुच्छेद 39 ए में यह प्रावधान है कि सभी को न्याय की प्राप्ति हो और कोई भी व्यक्ति न्याय प्राप्ति से वंचित न रह जाये इसीलिये विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना की गई और समाज के कमजोर वर्गो को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला ने अपने उद्बोधन में निःशुल्क विधिक सहायता योजना, प्लीवारगेनिंग, जमानतों का कानून के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# शिक्षक दिवस पर प्रशिक्षकों को किया गया सम्मानित

रीवा

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान रीवा में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र मिश्रा ने प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोगों द्वारा किया जा रहा कार्य समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपके द्वारा समाज के अंतिम पायदान तक के लोगों को विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे वह अपनी आजीविका चलाने में सक्षम हो गए हैं।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सुनील शुक्ला ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ राधाकृष्णन महान दार्शनिक, चिंतक एवं शिक्षाविद थे। उन्होंने अपना जीवन शिक्षा के लिए समर्पित किया। संस्थान के अध्यक्ष लिखित मिश्रा ने इस दौरान गुरु शिष्य की परंपरा को याद किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षिका रश्मि नामदेव, सुमन पटेल, सरस्वती साकेत, रेणु शर्मा, संतोषी नामदेव, पार्वती शर्मा, विनीत शर्मा एवं कोमल तिवारी को मोमेंटो और पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारी सीमा तिवारी, राज्यवर्धन तिवारी, राजेश मिश्रा, अनुज कुमार गुप्ता तथा मनमोहन यादव उपस्थित रहे।

### मतदान दिवस में शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**रीवा।** जिले में नगरीय निकायों में पार्षद के रिक्त पदों तथा पंचायत राज संस्थाओं के रिक्त पदों में निर्धारित मतदान केन्द्रों में 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। नगरीय निकाय रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 एवं नगर परिषद सिरमौर के वार्ड क्रमांक 4 में 11 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है वहाँ मतदान समाप्त होने के 48 घण्टे पूर्व शराब की दुकानें बंद हो जाएंगी। मतदान पूरा होने तक इस क्षेत्र में शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। जिन क्षेत्रों में मतदान होगा उनकी सीमा से तीन किलोमीटर की परिधि की शराब दुकानें मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से 48 घण्टे पहले से बंद रखी जाएंगी।

# हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें : नरहरि

## सचिव पीएचई ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा और शहडोल संभाग की समीक्षा की

**रीवा।** पीएचई विभाग के सचिव श्री पी नरहरि ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा तथा शहडोल संभाग में जलजीवन मिशन के कार्यों एवं नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। श्री नरहरि ने कहा कि जल जीवन मिशन दुनिया में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की सबसे बड़ी परियोजना है। हर घर में नल से पानी पहुंचाने के लिए बहुत बड़ी धनराशि व्यय की जा रही है। जल जीवन मिशन से स्वीकृत योजनाओं का कार्य पूरा होने के बाद पेयजल का संकट पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। साथ ही जल जनित बीमारियों पर भी पूरी तरह से नियंत्रण हो जाएगा। हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए प्रशासनिक




अधिकारी और इंजीनियर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। कमिश्नर और कलेक्टर नलजल योजनाओं की प्रगति की हर माह समीक्षा करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराने एवं हर घर में नल कनेक्शन कराने में पीएचई विभाग को पूरा सहयोग दें।

सचिव श्री नरहरि ने कहा कि सभी जिलों में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित कर सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को समूह नलजल योजनाओं की प्रगति तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की पूरी जानकारी दें। पाइपलाइन बिछाने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों का 15 दिवस में सुधार कराएं। जिन एकल नलजल योजनाओं का कार्य पूरा हो गया है उनसे शत-प्रतिशत घरों में नल के कनेक्शन कराकर पानी की आपूर्ति कराएं। साथ ही शत-प्रतिशत कवरेज वाले गांवों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। एकल नलजल योजनाओं के कार्य 31 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरा कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। सचिव श्री नरहरि ने सीधी और शहडोल में जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित न कराने पर नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में जल जीवन मिशन के प्रबंध संचालक केव्हीएस चौधरी ने बताया कि रीवा में कंदैला समूह नलजल योजना का कार्य लगभग पूरा हो गया है। बाणसागर एक तथा बाणसागर दो समूह नलजल योजनाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सीधी बाणसागर समूह नलजल योजना का कार्य भी 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। सोन घड़ियाल अभ्यारण्य तथा संजय टाईगर रिजर्व में कार्य की अनुमति के बाद शेष कार्य पूरा होगा। सिंगरौली की बैढ़न एक परियोजना में 74 प्रतिशत तथा बैढ़न दो परियोजना में 68 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। सीधी की गुलाब सागर परियोजना का कार्य धीमा है। समूह नलजल योजनाओं के कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहडोल, उमरिया तथा अनूपपुर जिले की नलजल योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833